सोमवार, 3 मार्च 2025

**मौसम**



तापमान 28 – 15
आर्द्रता 51%
सूर्योदय: 5:56 सूर्यास्त: 17:40

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो दूसरों का सहारा ढूंढ़ता है, वह सत्यस्वरूप भगवान् की सेवा नहीं कर सकता।



चक्रवर्ती की शानदार गेंदबाजी से भारत ने न्यूजीलैंड को हराया, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की चुनौती -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# आज से बंगाल में उच्च माध्यमिक परीक्षा शुरू

## सुरक्षा के कड़े इंतेजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक परीक्षा सोमवार यानी तीन मार्च से शुरू होगी। पिछले साल की तुलना में इस बार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में भारी कमी आई है। बता दें कि पिछले साल करीब सात लाख 90 हजार अभ्यर्थी थे। इस बार, यह संख्या पांच लाख नौ हजार के करीब है। हर साल की तरह उच्च माध्यमिक परीक्षा केंद्र पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उच्च माध्यमिक परीक्षा 18 मार्च को समाप्त होगी। परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होगी और दोपहर 1.15 बजे समाप्त होगी। इस वर्ष पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद छोटे पैकेटों में स्कूलों को प्रश्न पत्र भेजेगी। पैकेट को प्रिंसिपल या स्थल पर्यवेक्षक के कमरे में नहीं खोला जाएगा। अब परीक्षा हॉल में प्रवेश करते समय अभ्यर्थियों के सामने प्रश्नपत्र खोले जाएंगे।

## परीक्षा के बीच एसएफआई की हड़ताल, पुलिस सतर्क



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में घटी घटना को लेकर तनातनी बरकरार है। वहीं, माकपा के छात्र संगठन एसएफआई ने जादवपुर विश्वविद्यालय में घटी घटना के बाद विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जहां कई छात्र 'घायल' हो गए थे। ऐसे में एसएफआई आज यानी सोमवार से सड़क पर उतरने का निर्णय लिया है। राज्य में सोमवार से उच्च माध्यमिक की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। ऐसे में कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने साफ संदेश दिया कि परीक्षा देने वालों को सड़कों पर किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कुछ राजनीतिक दलों के कार्यक्रम हैं। राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परीक्षा देने वालों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। अगर परीक्षा देने वालों को कोई परेशानी होगी तो फिर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे कि उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के अभ्यर्थियों को सड़कों पर किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

### कोलकाता पुलिस ने छात्रों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर किया शुरू

पुलिस कमिश्नर ने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को एक संदेश में कहा की कि किसी समस्या के होने पर ही पुलिस से संपर्क करें। पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। सड़कों पर भारी संख्या में पुलिस होगी। हम सड़कों में यातायात चालू रखने के लिए हर व्यवस्था करेंगे। कोलकाता पुलिस ने एक हेल्पलाइन नंबर 9432610039 भी उपलब्ध कराया है। सीपी वर्मा ने आश्वासन दिया है कि यदि अभ्यर्थियों को कोई समस्या आती है तो वे इस नंबर पर फोन करके मदद प्राप्त कर सकेंगे। संवाददाता सम्मेलन में कोलकाता पुलिस कमिश्नर के साथ राज्य पुलिस के एडीजी कानून एवं व्यवस्था जावेद शमीम भी मौजूद थे। उन्होंने भी उक्त बात ही दोहराई।

## बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से किया मुक्त

**लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से रविवार को मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद यह कदम उठाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। मायावती ने सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर पिछले महीने बसपा से निष्कासित कर दिया था।

दिल्ली के हर क्षेत्र में विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता : रेखा गुप्ता (पृष्ठ 7)

## उत्तराखंड हिमस्खलन : लापता चारों मजदूरों के शव मिले

### मृतक संख्या आठ हुई

**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ के पास माणा गांव में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के शिविर पर हुए हिमस्खलन के कारण लापता चारों मजदूरों के शव रविवार को बरामद हो गए, जिससे हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि आखिरी लापता मजदूर का शव भी मिल गया है और उसके साथ ही माणा गांव में चलाया जा रहा बचाव अभियान संपन्न हो गया। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान हिमस्खलन के कारण लापता चारों मजदूरों के शव बरामद होने की पुष्टि की। उन्होंने गोपेश्वर में बताया कि शुक्रवार को हुए हिमस्खलन के कारण 54 मजदूर बर्फ में फंस गए थे, जिनमें से 46 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि आठ अन्य की मौत हो गई। तिवारी के अनुसार, रविवार को जिन चार मजदूरों के शव बरामद हुए हैं, उनकी पहचान उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर के रहने वाले अनिल कुमार (21), उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के अशोक (28), हिमाचल प्रदेश के ऊना के हरमेश चंद (30) और देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र निवासी अरविंद (43) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सात मृतकों के शवों को ज्योतिर्मठ लाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। भारत-चीन सीमा पर करीब 3,200 मीटर की उंचाई पर स्थित आखिरी गांव माणा में हिमस्खलन होने से बीआरओ शिविर में आठ कंटेनर में रह रहे सीमा सड़क संगठन के 54 मजूदर बर्फ में फंस गए थे। फंसे मजदूरों की संख्या पहले 55 बताई जा रही थी, लेकिन एक मजदूर के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित अपने घर सुरक्षित पहुंच जाने की सूचना मिलने के बाद यह संख्या 54 रह गई। सेना के चिकित्सकों ने बताया कि पहले बाहर निकाले गए 46 श्रमिकों को ज्योतिर्मठ के सैनिक अस्पताल लाया गया है, जिनमें से रीढ़ की हडडी की चोट से पीड़ित एक श्रमिक को हवाई एंबुलेंस के जरिये बेहतर उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया है।

## वोटर कार्ड के एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं मतदाता फर्जी हैं: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** दो अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं को एक जैसे मतदाता पहचानपत्र नंबर जारी किए जाने की खबरों के बीच, निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं कि वे फर्जी मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर ''समान हो सकते हैं'', लेकिन जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। इसने कहा, ''ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां वह मतदाता सूची में पंजीकृत है। इसके अलावा वह कहीं और मतदान नहीं कर सकता।'' निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के मतदाता सूची डेटाबेस को 'ईआरओएनईटी' मंच पर डालने से पहले ''विकेन्द्रीकृत और मैन्युअल प्रक्रिया'' का पालन किए जाने के कारण विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुछ मतदाताओं को समान ईपीआईसी संख्या आवंटित की गई थी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप कुछ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी एक ही ईपीआईसी अक्षरांकीय श्रृंखला का उपयोग कर रहे हैं और विभिन्न राज्यों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को एक जैसे ईपीआईसी नंबर आवंटित किए जाने की गुंजाइश है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, 'ईआरओएनईटी' ''एक जैसी प्रविष्टियों को हटाकर और एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को शामिल करके'' चुनावी प्रणाली को बनाए रखने में निर्वाचन अधिकारियों को मदद करता है। इसने कहा, ''किसी भी शंका को दूर करने के लिए, आयोग ने निर्णय लिया है कि पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करना सुनिश्चित किया जाए। एक जैसे ईपीआईसी नंबर के किसी भी मामले को एक विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करके ठीक किया जाएगा।''

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति हिंदी नहीं थोपेगी, तमिलनाडु का दावा निराधार और राजनीतिक : शिक्षा मंत्री प्रधान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) राज्यों पर हिंदी नहीं थोपेगी और इस संबंध में तमिलनाडु के विरोध के पीछे ''राजनीतिक कारण'' हैं। प्रधान ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने एनईपी-2020 में कभी नहीं कहा कि केवल हिंदी होगी। हमने केवल यह कहा है कि शिक्षा मातृभाषा पर आधारित होगी, तमिलनाडु में यह तमिल होगी।'' शिक्षा मंत्री की यह टिप्पणी एनईपी और तीन भाषा नीति के कार्यान्वयन को लेकर तमिलनाडु सरकार और केंद्र में टकराव के बीच आई है। प्रधान ने कहा, ''मैं कुछ लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का जवाब नहीं देना चाहता। एनईपी-2020 भारत की विभिन्न भाषाओं पर केंद्रित है, चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, उड़िया हो या पंजाबी। सभी भाषाओं का समान महत्व है। तमिलनाडु में कुछ लोग राजनीति के कारण इसका विरोध कर रहे हैं।'' तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा था कि कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में स्कूलों में किसी भी भाषा को तीसरी भाषा के रूप में लागू करना अनावश्यक है।

## दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी अपनी भाषा में शिक्षा हासिल नहीं कर पा रही: यूनेस्को



**नयी दिल्ली :** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, वैश्विक आबादी में 40 प्रतिशत लोगों के पास उस भाषा में शिक्षा हासिल करने की सुविधा नहीं है, जिसे वे बोलते या समझते हैं। विभिन्न देशों में घरेलू भाषा की भूमिका के बारे में समझ बढ़ने के बावजूद, नीतिगत पहल सीमित बनी हुई है। टीम के अनुसार इस मामले में घरेलू भाषाओं का उपयोग करने की शिक्षकों की सीमित क्षमता, घरेलू भाषाओं में पाठ्य सामग्री की अनुपलब्धता और सामुदायिक विरोध जैसी कुछ चुनौतियों में शामिल हैं। कुछ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक है। जीईएम अधिकारियों ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक शिक्षार्थी इससे प्रभावित हैं। उन्होंने राष्ट्रों से बहुभाषी शिक्षा नीतियां और तौर-तरीके लागू करने की सिफारिश की, जिसका लक्ष्य सभी शिक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली शैक्षिक प्रणाली बनाना हो। टीम ने लैंग्वेज मैटर: ग्लोबल गाइडेंस ऑन मल्टीलिंग्वल एजुकेशन नामक रिपोर्ट पेश की है, जिसमें कहा गया है कि प्रवास बढ़ने के साथ-साथ भाषाई विविधता एक वैश्विक वास्तविकता बनती जा रही है और विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि वाले शिक्षार्थियों वाली कक्षाएं अधिक आम होती जा रही हैं। 3.1 करोड़ से अधिक विस्थापित युवा शिक्षा में भाषा संबंधी बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यह रिपोर्ट 25वें अंतराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संकलित की गई है। इस मौके पर मातृभाषाओं के उपयोग को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए किए गए समर्पित प्रयासों का जश्न मनाया गया। जीईएम टीम के एक वरिष्ठ सदस्य ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, आज वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत लोग उस भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे जिसे वे धाराप्रवाह बोलते और समझते हैं। कुछ निम्न व मध्यम आय वाले देशों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। इससे एक अरब से अधिक विद्यार्थी प्रभावित हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

शेयर बाजार 'धोखाधड़ी' मामला

## पूर्व सेबी प्रमुख बुच, पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**मुंबई :** एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में शेयर बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर (मामले की) स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। इसमें कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। बुच के अलावा जिन अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, उनमें बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररामन राममूर्ति, इसके तत्कालीन चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल और सेबी के तीन पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय शामिल हैं। शिकायतकर्ता सपन श्रीवास्तव, जो एक मीडिया रिपोर्टर हैं, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच पर अमेरिका स्थित शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे। उसके बाद राजनीतिक तनाव के बीच बुच ने शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की



**जूनागढ़ (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन रविवार को गिर सोमनाथ जिले में स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और देशवासियों के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। बाद में मोदी ने प्रभास पाटन स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम शिव मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। मंदिर के दर्शन के बाद मोदी पड़ोसी जूनागढ़ जिले में स्थित सासन के लिए रवाना हुए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह यात्रा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के समापन के बाद भगवान सोमनाथ की पूजा करने के उनके संकल्प का हिस्सा थी। उन्होंने कहा, ''प्रयागराज में 'एकता का महाकुंभ' करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से संपन्न हुआ। मैंने एक सेवक की तरह मन ही मन संकल्प किया था कि महाकुंभ के बाद मैं 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ की पूजा करूंगा।'' उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर 45 दिवसीय महाकुंभ में भारत और दुनिया भर से 66.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आये। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''आज सोमनाथ दादा की कृपा से वह संकल्प पूरा हुआ है। मैं सभी देशवासियों की ओर से एकता के महाकुंभ की सफलता को श्री सोमनाथ भगवान के चरणों में समर्पित करता हूं। साथ ही उनके (देशवासियों) स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं।''

## मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही मोदी सरकार: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार उन मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, जो पैसे के लालच में युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेल रहे हैं। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शाह के हवाले से कहा गया है कि रणनीति के साथ की गई गहन व पूर्ण जांच के परिणामस्वरूप, भारत में 12 विभिन्न मामलों में अदालतों ने 29 मादक पदार्थ तस्करों को दोषी ठहराया है। मोदी सरकार की मादक पदार्थों के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ये दोषसिद्धियां अदालतों में दायर मामलों में सफल अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए एनसीबी के समर्पण का उदाहरण हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि शाह के मार्गदर्शन में एनसीबी 2047 तक नशा मुक्त भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है।



# दुरुपयोग आर्थिकी व खेती के लिये घातक

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइ-वुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है। निर्विवाद रूप से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग न केवल मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि कृषि भूमि की दीर्घकालीन उपादेयता को भी कम कर रहा है। उर्वरकों की खपत में तेजी से वृद्धि देश की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उर्वरकों के आयात पर देश की बढ़ती निर्भरता वित्तीय संकट को भी बढ़ावा दे रही है। देश वार्षिक रूप से करीब 75 लाख टन यूरिया का आयात करता है। यूरिया की बढ़ती वैश्विक कीमतों ने उर्वरक सब्सिडी को 1.75 ट्रिलियन रुपये से अधिक कर दिया है। यदि इस स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बढ़ती उर्वरक मांग अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालेगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार उर्वरक की बिक्री की निगरानी को सशक्त बनाए । सब्सिडी वाली रासायनिक खाद का दुरुपयोग करने वालों के लिये सख्त दंड की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा किसानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि खेती में खाद का उपयोग कैसे संतुलित ढंग से किया जाना चाहिए। रासायानिक खाद की बिक्री को अनियंत्रित छोड़ देने से न केवल संकट का असर करदाताओं पर बोझ बढ़ाएगा वरन अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। साथ ही बड़ा संकट इस बात का भी कि खेती में अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से हमारे पर्यावरण पर भी घातक प्रभाव होगा। जो कालांतर कृषि की स्थिरता को भी संकट में डाल सकता है।

# हमारे जीवन की अमूल्य निधि है वन्यजीव

**विश्व वन्यजीव दिवस (3 मार्च) पर विशेष**



बाल मुकुन्द ओझा

वन्यजीव संरक्षण केवल एक प्रजाति या समुदाय के लिए नहीं है। यह समूची मानव जाति के व्यापक हित और कल्याण से जुड़ा है। पृथ्वी पर जन जीवन का आधार वन्यजीव है। इसी उद्देश्य से विश्व वन्यजीव दिवस हर साल तीन मार्च को मनाया जाता है। विश्व वन्यजीव दिवस 2025 की थीम 'वन्यजीव संरक्षण वित्त : लोगों और ग्रह में निवेश' रखी गई है। वन्यजीव संरक्षण में उनके समुचित प्राकृतिक आवास और आर्थिक संसाधन महत्वपूर्ण केंद्र बिन्दु के रूप में उभरे है। ये दो केंद्र बिंदु हमारे ग्रह की विविध प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने, व्यवहार बदलने और नीति में बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। थीम के मुताबिक हमें वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण हेतु न केवल आर्थिक संसाधनों का प्रबंध करना है अपितु जैव विविधता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने है, ताकि इसका लाभ समाज और धरती को भी मिले।



वन्यजीवों के लुप्त होने की चिंताजनक दर को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रिपोर्ट से रेखांकित किया गया है, जिससे पता चलता है कि लगभग 44,016 प्रजातियाँ विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रही हैं। यह खणउछ रेड लिस्ट में सूचीबद्ध 157,190 प्रजातियों में से लगभग 28 फीसदी है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रौद्योगिकियों का पता लगाने और उन्हें एकजुट करने, खतरों को कम करने और वन्यजीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए उन्हें फिर से लागू करने के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। भारत में विभिन्न वन्य जीवों की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है। हमें अपने वनों की सुरक्षा और जानवरों के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

मानव सभ्यता ने प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन शुरू कर दिया। जंगलों को खत्म कर दिया गया। ऐसे ही कितने ही जीव-जंतुओं का शिकार इस हद तक किया गया कि वह विलुप्त होने की कगार में हैं और कुछ तो विलुप्त भी हो गए। पूरा संसार जंतु तथा पेड़- पौधों की विभिन्न प्रजातियों से भरा हुआ है। सभी प्रजातियों के जीव, जंतु, पेड़, पौधे तथा पक्षी पारिस्थितिकी तंत्र के अस्तित्व के लिए अपने-अपने तरीकों से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वन्यजीव मानव अस्तित्व के समय से ही धरती पर उपस्थित हैं, तथा एक- दूसरे के जीवन का अभिन्न अंग भी बन चुके हैं। नई बस्तियां बसाने, औद्योगीकरण, बढ़ती हुई आबादी, गैरकानूनी व्यापार तथा शिकार इत्यादि कार्यों का वन्यजीवों पर विपरीत असर पड़ रहा है। धरती जीव- जंतुओं तथा पौधों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या इतनी अधिक तेजी से घट रही है, जितनी तेज गति से यह पूर्व में शायद ही कभी घटी हो। प्रत्येक 24 घंटे के अंदर जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की लगभग 200 प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। इस भांति प्रति वर्ष करीब 73,000 प्रजातियां पृथ्वी से विलुप्त हो रही हैं।

भारत में विश्व के 5 प्रतिशत अर्थात 75,000 प्रजातियों के जीव-जन्तु निवास करते हैं तथा वनस्पतियों की 45,000 प्रजातियाँ भारत में पाई जाती हैं। जनसंख्या विस्फोट और शहरीकरण के ही परिणाम हैं कि वनों को काटकर इसे इमारतों, होटलों, या मानव बस्तियों में बदलने की गतिविधियों में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप जंगल में रहने वाले विभिन्न प्रजातियों के निवास स्थान में कमी आई है। उन्हें उन स्थानों को छोड़ना पड़ता था और नए आवास की तलाश करनी होती थी जो कि आसान नहीं होता है। नए निवास स्थान की खोज, भोजन के लिए बहुत सारी प्रतियोगिता, कई प्रजातियों को लुप्त होने की कगार पर ले जाती है। लेकिन आज इनमें से कई विलुप्त हो गई हैं और कई विलुप्त होने की कगार पर हैं। प्रजातियों के विलुप्त होने के खतरे का पहला कारण इनके रहने की जगह लगातार कम होना है। और इसके लिए जिम्मेदार इंसान हैं क्योंकि इनको भोजन और आश्रय प्रदान करने वाले पेड़ों को वह अपने स्वार्थ के लिए लगातार काट रहे हैं। साथ ही खनन और कृषि जैसी मानवीय गतिविधियां भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

विश्व में बड़े स्तर पर जंगली आग और प्रदूषण से जैव विविधता तेजी से नष्ट होती जा रही है। प्रदूषण और तापमान के निरंतर बढ़ने से समुद्री जल जीव मर रहे हैं। वन्य जीव जंतु एवं पशु पक्षियों की प्रजातियां नष्ट हो रही हैं। समुद्री जल जीवों में डॉल्फिन और व्हेल्स सहित अन्यान्य जीव लुप्त हो रहे हैं।

वन्यजीव जानवर और पौधे प्रकृति के महत्वपूर्ण पहलू हैं। किसी भी स्तर पर नुकसान होने पर इसके अप्राकृतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। वे पारिस्थितिक संतुलन के लिए जिम्मेदार हैं और मानव जाति के निर्वाह के लिए, यह संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसलिए सरकार द्वारा संरक्षण प्रयासों के साथ, यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है, कि हम व्यक्तिगत रूप से वन्यजीवों के संरक्षण में अपना योगदान करें।

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या



प्रियंका सौरभ

भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों का मुद्दा एक बड़ी चुनौती है, जिसने न्याय प्रणाली को गहराई से प्रभावित किया है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या न्याय प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई वर्तमान प्रणाली की प्रभावशीलता और दक्षता पर गंभीर सवाल उठाती है। ऐसी देरी का कानूनी ढांचे पर हानिकारक और व्यापक प्रभाव पड़ता है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय की पहुँच में बाधा डाल सकती हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को नुक़सान होता है। जैसे-जैसे मामले लंबित होते हैं, कानूनी प्रणाली में जनता का भरोसा कम होता जाता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता को लेकर निराशा और संदेह पैदा होता है। नतीजतन, लोग विवादों को निपटाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर सकते हैं। यह लंबित मामला देरी का एक चक्र बनाता है, जिससे अदालतों के लिए नए मामलों को निपटाना मुश्किल हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः अनसुलझे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है।

देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, लंबित मामलों का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेज़ी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है। एक मज़बूत लोकतंत्र न्याय के त्वरित और प्रभावी वितरण पर निर्भर करता है। न्यायिक देरी से निपटने के लिए, न्यायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, मौजूदा रिक्तियों को भरना, ऐआई-संचालित केस प्रबंधन को अपनाना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना आवश्यक है। न्यायिक जवाबदेही को दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ जोड़कर, भारत की न्याय प्रणाली अधिक निष्पक्ष, सुलभ और समय पर बन सकती है। यह आशा की जाती है कि सभी हितधारक-न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, सरकारें और कानूनी पेशेवर-न्याय वितरण प्रणाली को मज़बूत करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। भारतीय अदालतों में लंबित मामलों से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ प्रशासनिक, कानूनी और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हो। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन कानूनी प्रणाली में विश्वास बहाल करने और विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं। भारतीय न्यायपालिका मूल कारणों से निपट सकती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभिनव समाधान लागू कर सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 मार्च, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्थी, 18:05 तक , नक्षत्र : रेवती, 05:58 तक, योग : शुक्ला, 08:50 तक, सूर्योदयः 5:56, सूर्यास्तः 17:40, चन्द्रोदय : 08:01, चन्द्रास्तः 21:14, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:27 से 08:54

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को लाभ होगा और आपको दूसरों की मदद करने से खुशी मिलेगी। दिन परोपकार के काम में बीतेगा और आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए लाभ के योग बने हैं और आपका दिन परिवार के लोगों के साथ शानदार बीतेगा। दोपहर तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। किसी कीमती चीज या फिर संपत्ति को पाने की चाहत पूरी हो सकती है। काम बहुत रहेगा। फालतू खर्च से बचें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को अचानक धन लाभ हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको जल्दबाजी में भावुक होकर कोई फैसला न लेने की सलाह है।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को राजनीति में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ेंगे। रुका हुआ काम पूरा होगा आपको सेहत की वजह से काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों का दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी रचनात्मक काम में मन लगेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। आमदनी के नए रास्ते खुलेंगे। अच्छी बातचीत करने की कला से आपको सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान और यश में वृद्धि होगी। अपने लोगों से मुलाकात होगी। बोलते समय संभलकर बोलें, वरना मुश्किल हो सकती है।

**धनु :** धनु राशि वालों को घर का काफी खर्च घर के सामान पर होगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों को व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। व्यापार बदलने का विचार कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों का दिन हर काम काफी सोचकर करने वाला है। कोई प्रॉपर्टी खरीदते-बेचते समय उसके सारे नियम-कानूनों को ध्यान से समझ लें। धन लाभ के योग हैं।

**मीन :** आज किसी प्रिय मित्र की सहायता में समय व्यतीत होगा, और ऐसा करके आपको खुशी ही मिलेगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि बनी रहेगी।

## विदेश की खबरें

### हमारा एजेंडा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना : बांग्लादेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**ढाका :** बांग्लादेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने रविवार को कहा कि निर्वाचन आयोग का एकमात्र एजेंडा देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय चुनाव कराना है। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' के अनुसार उन्होंने कहा, ''हमारा एकमात्र एजेंडा स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय चुनाव कराना है। हम बांग्लादेश के 18 करोड़ लोगों के एजेंडे को लागू करने के लिए काम कर रहे हैं, इसके अलावा कुछ नहीं।'' उन्होंने यह टिप्पणी सातवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में की। नासिर उद्दीन ने कहा, ''मतदान लोगों का अधिकार है और हमें इस अधिकार को हासिल करने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा। अब हम इस अधिकार को स्थापित करने तथा एक सुंदर और स्वीकार्य चुनाव की व्यवस्था करने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस बार मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना अपना कर्तव्य समझना चाहिए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए।'' नासिर उद्दीन ने कहा कि राजनीतिक नेता अलग-अलग राय दे रहे हैं जो ''लोकतंत्र की खूबसूरती'' है। उन्होंने कहा कि लेकिन राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, ''चुनाव में कोई व्यक्ति चुनावों में हेराफेरी करके जीत सकता है। लेकिन, अंत में, वे बच नहीं सकते... इतिहास यही कहता है।'' उनका इशारा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर था, जिन्होंने लगातार चार चुनाव जीता है। हालांकि, पिछले साल अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था।

### रूस के साथ युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हुए ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने रविवार को विश्व के नेताओं से कहा कि उन्हें यूरोप की सुरक्षा के लिए 'दुर्लभ क्षण' को गंवाना नहीं चाहिए। उन्होंने यह बात यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा के लिए लंदन में आयोजित शिखर सम्मेलन में कही। स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन के लिए अच्छा परिणाम प्राप्त करना ''यहां के प्रत्येक देश और कई अन्य देशों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।'' वार्ता की शुरुआत के अवसर पर ली गई आधिकारिक तस्वीर के दौरान उनके साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद थे।

### अमेरिका की निजी कंपनी का लैंडर 'ब्लू घोस्ट' चंद्रमा की सतह पर उतरा

**केप केनवरल :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए ड्रिल, वैक्यूम और अन्य प्रयोग उपकरणों के साथ एक निजी कंपनी का 'लैंडर' रविवार को चंद्रमा की सतह पर उतरा। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट' लैंडर चंद्रमा की कक्षा से उसकी सतह पर उतरा। फायरफ्लाई के मुख्य इंजीनियर विल कूगन ने कहा, ''लैंडिंग में सफलता प्राप्त की। हम चांद पर हैं।'' टेक्सास स्थित कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने इस अंतरिक्ष यान को विकसित किया है। एक दशक पहले स्थापित स्टार्टअप फायरफ्लाई को एक सहज, सीधी लैंडिंग ने ऐसा पहला निजी संगठन बना दिया है, जिसने अंतरिक्ष यान को चंद्रमा पर उतारा है। केवल पांच देशों रूस, अमेरिका, चीन, भारत और जापान ने ही ऐसी सफलता मिलने का अब तक दावा किया है। दो अन्य कम्पनियों के 'लैंडर' के भी इस सप्ताह के अंत में चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। लैंडिंग के आधे घंटे बाद, 'ब्लू घोस्ट' ने सतह से तस्वीरें भेजनी शुरू कर दीं, पहली तस्वीर एक सेल्फी थी जो सूर्य की रोशनी के कारण कुछ धुंधली थी। फ्लोरिडा से जनवरी के मध्य में प्रक्षेपित किये गये 6 फुट 6 इंच (2 मीटर) लंबे 'लैंडर' ने नासा के लिए चंद्रमा पर 10 प्रयोग किये। चंद्रमा की ओर जाते हुए, 'ब्लू घोस्ट' ने अद्भुत तस्वीरें भेजीं।

## वर्ग पहेली नं. 3021

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 |
| 17 | 18 | 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | 27 | |
| | ■ | 28 | ■ | 29 | 30 | | ■ | | ■ |
| 31 | | | | ■ | | ■ | 32 | | |

➲ *बायें से दायें :-* 2) अफ़वाह; बदनामी; विवाद, 4) तितरबितर, 7) एक दिशा, 9) तट *(नदी)*, 10) काशी, 12) मुर्दा, 13) एक राशि, 14) जगह, 17) एक शस्त्र, 21) माधुर्यपूर्ण, 22) फाँसी की रस्सी, 23) न्यायार्थ कारवाई, 24) झगड़ा-फसाद, 25) किचरपिचर; जमावड़ा; जन-समूह, 26) विश्वास, 29) निष्कारण, 31) करीब-करीब, 32) गलीचा.

➲ *ऊपर से नीचे :-* 1) अपरिणीत, 2) मृत्यु ; प्रस्थान; निर्गम, 3) औषध, 4) बदइंतजामी, 5) बिताया; भूतकालीन; विगत, 6) मानक; विकास अवस्था, 8) कामयाबी ; कीर्ति, 11) वर्षा बूँद; फुहार; पसीना, 15) मृदुता, 16) उपाहार ; कलेवा, 18) लुच्चा, 19) वचन, 20) लकीर, 23) घूम जाना, 24) कुश्ती की प्रतिद्वन्द्विता, 27) सामान्य, 28) एक राशि, 30) परिणाम.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क़ | स | द | ■ | बं | दि | श | ■ | म |
| क | ■ | प | र | हे | ज | ■ | क्ति | ■ | द |
| ब | स | ना | ■ | क | र | ■ | शा | य | द |
| रा | म | ■ | क | ड़ी | ■ | गो | ली | ■ | गा |
| ■ | झ | र | ना | ■ | मो | दी | ■ | खा | र |
| अ | दा | ■ | त | रं | ग | ■ | ■ | ब | ■ |
| च | र | स | ■ | ■ | रा | ज | गी | र | ■ |
| र | ■ | दै | व | त | ■ | वा | ■ | दा | ग |
| ज | मा | व | ■ | क | बा | ब | ■ | री | ति |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2981

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | | 3 | |
| | | | 6 | | 5 | | | |
| | | | | | 8 | | | |
| 5 | 6 | | 2 | | | 4 | | |
| | | | | 7 | | | 1 | |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | | | 6 | | 8 |
| 4 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2980 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 3 |

# जादवपुर मामला: ब्रात्य बसु पर हमले और लूटपाट के आरोप, 48 छात्रों पर मामला दर्ज

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई हिंसा को लेकर पुलिस ने अब तक 48 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु पर घातक हथियार से हमला करने के आरोप में पुलिस ने कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। छात्रों पर चोरी, लूटपाट, छेड़छाड़, मारपीट और गंभीर चोट पहुंचाने जैसी कई धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

शनिवार को मंत्री की गाड़ी के



नीचे आकर घायल हुए छात्र इंद्रानुज राय के खिलाफ भी तीन गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले पर लालबाजार पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा और एडीजी आईबी व एंटी करप्शन ब्रांच के अधिकारी जावेद शमीम मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि जादवपुर हिंसा को लेकर कुल सात मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से दो मामले पुलिस ने स्व-प्रेरित (सुओ-मोटो) दर्ज किए हैं।

**कौन-कौन से मामले दर्ज हुए?**

❑ **पहला मामला:** पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेकर यह मामला दर्ज किया है। इसमें ब्रात्य बसु को जबरन रोकने, मारपीट करने, घातक हथियार से हमला करने, अशांति भड़काने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराएं लगाई गई हैं।

❑ **दूसरा मामला:** मनिकांत परिया नामक व्यक्ति की शिकायत पर यह केस दर्ज किया गया है। इसमें आरएसएफ, डीएसएफ, आइसा और अन्य संगठनों के कुछ सदस्यों पर मंत्री पर हमला करने, उनकी घड़ी छीनने और महिला शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं।

❑ **तीसरा मामला:** एक महिला ने आरोप लगाया कि कुछ छात्रों ने उनके साथ छेड़छाड़ की, उनकी सोने की चेन छीन ली और मारपीट की। इस मामले में चोरी, छेड़छाड़ और मारपीट की धाराएं लगाई गई हैं।

❑ **चौथा मामला:** जादवपुर विश्वविद्यालय के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले बिनय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ छात्रों ने जबरन उनके क्वार्टर में घुसकर तोड़फोड़ की और आगजनी की। इस पर पीडीपीपी एक्ट और बीएनएसएस कानून के तहत संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जबरन प्रवेश करने का मामला दर्ज किया गया।

❑ **पांचवां मामला:** एक व्यक्ति फिरोज अली लस्कर ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ छात्रों ने उन्हें रोककर मारपीट की और उनसे 3,000 रुपये नकद, घड़ी और सोने की चेन लूट ली। इस पर बीएनएसएस कानून के तहत लूटपाट और अवैध रूप से बंधक बनाने की धाराएं लगाई गई हैं।

❑ **छठा मामला:** स्वप्न समंता नामक व्यक्ति ने शिकायत की कि एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार में गाड़ी चलाकर उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। इस पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और चोट पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

❑ **सातवां मामला:** जादवपुर थाने के एक सब-इंस्पेक्टर ने आरोप लगाया कि 80 से 100 छात्रों ने राजा एस.सी. मलिक रोड को जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ। इस पर सड़क जाम करने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने इस मामले में अब तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जांच जारी है।

## जादवपुर विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्री का विरोध वामपंथियों की साजिश : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को जादवपुर विश्वविद्यालय में विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान, स्थिति तमानपूर्ण हो गई और वहां मौजूद लोगों से जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में, तृणमूल नेता कुणाल घोष ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री पर योजना बनाकर हमला किया गया। इसके साथ ही, कुणाल घोष ने इसमें लेफ्टिस्ट लोगों का हाथ बताते हुए कड़ी निंदा की। कुणाल घोष ने कहा कि यह हमला लेफ्टिस्ट लोगों द्वारा किया गया है। यह पूरी तरह से योजना बनाकर किया गया हमला है। कार के शीशे तोड़ दिए गए हैं और पूरी गाड़ी पर हमला किया गया है। यह हमला केवल शिक्षा मंत्री पर नहीं, बल्कि हमारे प्रोफेसरों पर भी किया गया है। मंत्री का जो विरोध किया गया वह नाटक था, गाड़ी के पास जाकर विरोध करते हुए फोटो खींचने का प्रयास किया गया, ताकि एक नया नैरेटिव तैयार किया जा सके। जनता इसका समर्थन नहीं, बल्कि निंदा कर रही है। कुणाल घोष ने आगे कहा आज से उच्च माध्यमिक परीक्षा शुरू हो रही है, और हम चाहते हैं कि रास्ते में कोई भी रुकावट ना हो। कोई भी विचलन नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह परीक्षा का मामला है। पुलिस की पूरी तैनाती की जाएगी, और जो लोग इस तरह की हरकतें कर रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

---

**हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर तृणमूल का तीखा पलटवार, कहा... 'सरमा बकवास कर रहे हैं'**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री सरमा 'बकवास' कर रहे हैं। सरमा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल नेता कुणाल घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री सरमा बकवास कर रहे हैं। भाजपा केवल हिंदू-मुसलमान की राजनीति करती है, लेकिन बंगाल में यह नहीं चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में सभी धर्मों के लोग ममता बनर्जी का समर्थन करते हैं, चाहे वे हिंदू हों, मुसलमान हों या ईसाई। तृणमूल प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं में किसी धर्म का भेदभाव नहीं होता। उन्होंने भाजपा पर समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि बंगाल में यह रणनीति सफल नहीं होगी।

## मुझ पर और प्रोफेसर एसोसिएशन के सदस्यों पर हमले सुनियोजित : ब्रात्य बसु

### शिक्षा मंत्री ने कहा... 'छात्र संघ चुनाव कराने के मुद्दे पर जल्द मुख्यमंत्री से करेंगे बातचीत'

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में वामपंथी छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को घेर लिए जाने के एक दिन बाद, मंत्री ने रविवार को दावा किया कि उन पर और तृणमूल कांग्रेस की प्रोफेसर शाखा के सदस्यों पर हमले सुनियोजित थे। इस दिन, एक साक्षात्कार में मंत्री ने कहा कि वहां काफी अराजकता थी और '40-50 छात्रों के एक गिरोह' ने उनकी कार के शीशे तोड़ दिए, जिसके कारण वह और कार चालक घायल हो गए। बसु ने दावा किया कि छात्रों के शोरगुल भरे प्रदर्शन के चलते



जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति यहां परिसर में पुलिस लेकर आना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैं कुछ छात्र प्रतिनिधियों से बात करने के लिए तैयार था और उनसे कहा गया कि वे अपने प्रतिनिधि का चयन करें, क्योंकि मैं बातचीत के लिए एक समय में 40-50 लोगों से नहीं मिल सकता। लेकिन वे बात नहीं करना चाहते थे। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी छात्र उनकी कार की बोनट पर चढ़ गए। बसु ने कहा कि जैसे-जैसे उनकी संख्या बढ़ती गई, वे और अधिक आक्रामक होते गए। कार के शीशे तोड़ दिए गए, जिसकी वजह से मेरी कार का चालक घायल हो गया। वह घबरा गया और वह वाहन चलाने लगा। इससे पहले तीन घंटे से अधिक समय तक गाड़ी को रोक रखा गया था। यह एक सुनियोजित हमला था। मंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि एक प्रदर्शनकारी छात्र उनकी कार के टायरों से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि आप कह सकते हैं कि मुझे और कुछ घंटे इंतजार करना चाहिए था। अगर उन्होंने मुझे घंटों तक घेरा होता, तो मैं और अधिक धैर्य दिखाता। पश्चिम बंगाल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ (डब्ल्यूबीसीयूपीए) के कई सदस्यों पर हमला किया गया। लेकिन एक युवा लड़के को चोट लगना दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वह जादवपुर विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत करेंगे।

## 'कोरोना के बाद बेटे से कोई संपर्क नहीं', जादवपुर विश्वविद्यालय हमले में घायल युवक के पिता ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु पर हुए हमले के दौरान घायल युवक के पिता ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। युवक के पिता अमृत बसु दक्षिण हावड़ा विधानसभा क्षेत्र के संकराइल ब्लॉक के सभापति और तृणमूल के नेता हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका अपने बेटे से अब कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद से उनका बेटे से कोई संपर्क नहीं है और वे इसे एक गंभीर घटना मानते हैं। अमृत बसु ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को जादवपुर विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा था, लेकिन वहां जाने के बाद उनका बेटा वामपंथी संगठनों से जुड़ गया, इसके बाद से उनका संपर्क उससे पूरी तरह से टूट गया। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि मेरे बेटे को चोटें आई हैं, लेकिन इस घटना के बाद से हम दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ है। अमृत बसु ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जो भी इस हमले में शामिल हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी के समर्थक के रूप में वह हमेशा उनकी विचारधारा का पालन करते हैं और इस घटना की पूरी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह घटना निंदनीय है और इस मामले में जिम्मेदार लोगों को सजा मिलनी चाहिए, चाहे वह मेरा बेटा ही क्यों न हो। अमृत बसु ने यह भी बताया कि वह ममता बनर्जी की पार्टी के प्रति अपने समर्पण को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और उनका परिवार हमेशा तृणमूल कांग्रेस का समर्थक रहा है। उन्होंने अपने बेटे के साथ किसी भी प्रकार के संपर्क को नकारते हुए कहा कि उनका और उनके बेटे का कोई संबंध नहीं है। अमृत बसु ने इस घटना को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसकी जांच की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर उनका बेटा इस घटना में दोषी पाया जाता है, तो उसे भी सजा मिलनी चाहिए।

## 'एक जैसा एपिक नंबर का मतलब डुप्लिकेट मतदाता नहीं', ममता के आरोपों पर चुनाव आयोग का जवाब

### मुख्यमंत्री ने लगाए वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में अगले साल होने वाले चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मुद्दे को गरमाने में जुटी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने सारी स्थिति स्पष्ट की और कहा कि एपिक (इलेक्ट्रिक फोटो पहचान पत्र) संख्या में दोहराव का मतलब फर्जी या डुप्लिकेट मतदाता नहीं है। इनके ईपिक नंबर भले ही सामान है लेकिन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, मतदान केंद्र जैसे दूसरे विवरण अलग-अलग ही है। ऐसे में मामले को गलत तरीके से पेश करना ठीक नहीं है। जल्द ही सभी को यूनिट ईपिक नंबर आवंटित किया जाएगा। आयोग ने एपिक नंबर को लेकर फैलाए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर रविवार को स्थिति स्पष्ट की और कहा कि कुछ राज्यों में एक जैसे एपिक नंबर के अंकों को अपनाने से यह स्थिति पैदा हुई है। आयोग इसमें सुधार को लेकर तेजी से काम कर रहे है। जल्द ही सभी को यूनिट ईपिक संख्या आवंटित की जाएगी। आयोग ने कहा कि एपिक नंबर चाहे जो भी हो कोई भी मतदाता अपने राज्य के अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां से उसका नाम मतदाता सूची में जुड़ा है। आयोग ने कहा कि कुछ राज्यों में इसे मैनुअल तरीके से आवंटित किए जाने से यह गड़बड़ी हुई है। पहले एपिक नंबर के आवंटन की व्यवस्था मैनुअल ही थी। जो राज्य अपने हिसाब से तय करता था। ऐसे में कुछ राज्यों की ओर से इसे एक समान रखने से यह विसंगति पैदा हुई है। हालांकि, इससे उनके भौगोलिक क्षेत्रों में कोई बदलाव नहीं होगा। आयोग ने इस बीच किसी भी आशंका को दूर करने के लिए जल्द ही सभी को यूनिक एपिक नंबर आवंटिक किए जाने की जानकारी दी। और कहा कि इससे यह गड़बड़ी ठीक हो जाएगी। गौरतलब है कि आयोग को रविवार को इस मामले पर सफाई देने के तब आना पड़ा जब इसे गलत तरीके से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा था। जिसमें ममता बनर्जी के वे आरोप भी थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरे पास सभी जिलों से सबूत हैं कि हरियाणा और गुजरात के लोगों के नाम पश्चिम बंगाल के निवासियों के साथ एक ही एपिक संख्या के तहत है। इसी तरह महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा ने जीत हासिल की।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर आज एसएफआई ने किया हड़ताल का आह्वान

❑ **घटना के विरोध में माकपा छात्र संगठन ने राज्यभर में निकाला विरोध जुलूस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के इस्तीफे की मांग को लेकर आज हड़ताल का आह्वान किया है। बता दें कि छात्रों ने मंत्री के जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) परिसर से निकलते समय उनका घेराव करके विश्वविद्यालय में चुनाव कराने की तत्काल घोषणा करने की मांग की थी। इस दौरान, दो छात्रों को चोट लगने के लिए मंत्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। रविवार को एसएफआई की राज्य समिति के सदस्य शुभजीत सरकार ने कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसरों में हड़ताल का आह्वान तृणमूल कांग्रेस का संरक्षण प्राप्त बाहरी लोगों के प्रवेश के विरोध में



किया गया है, जिन्होंने एक मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में हिंसा और तोड़फोड़ की थी। माकपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि हड़ताल का आह्वान विश्वविद्यालय परिसर तक ही सीमित रहेगा और बाहर वाहनों की आवाजाही को लेकर आशंकित होने की कोई जरूरत नहीं है। शुभजीत सरकार ने कहा कि हालांकि, एसएफआई तीन मार्च से शुरू होने वाली उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के सुचारू संचालन में सहायता करेगी और परीक्षार्थियों की मदद के लिए परीक्षा केंद्रों के पास शिविर आयोजित करेगी। एसएफआई ने रविवार को शहर और राज्य के अन्य स्थानों पर रैलियां निकालीं। वामपंथी छात्र कार्यकर्ताओं ने शहर में 8बी बस स्टैंड, यादवपुर से गोलपार्क तक रैली निकाली और अपना विरोध जारी रखने का संकल्प जताया। कूचबिहार जिले के बर्द्धमान शहर, दिनहाटा में एसएफआई कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी बहस हुई।

## बंगाल अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है : सुकांत मजूमदार

❑ **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ममता सरकार पर साधा निशाना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध बंदूकों और गोला-बारूद की बाढ़ आ गई है, फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर वास्तविक जांच की जाए, तो पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को न केवल आपराधिक गिरोह के नेताओं से बल्कि खुद तृणमूल कांग्रेस की सर्वोच्च नेता (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) से भी पूछताछ करनी होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य से हथियारों की बरामदगी से पता चलता है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता इसमें गहराई से शामिल हैं, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय, पार्टी अपराधियों की शरणस्थली बन गई है। भाजपा नेता ने आगे लिखा कि गुंडे जो कभी विपक्षी कार्यकर्ताओं को आतंकित करते थे, अब 2026 (विधानसभा चुनाव) से पहले सत्ता और लूट के लिए एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की पार्टी हत्या भी कर रही है और हत्या करवा भी रही है। उनके शासन की अराजकता आखिरकार उनके अपने लोगों को निगल रही है। बंगाल इससे बेहतर का हकदार है।

## तृणमूल शिक्षाविदों के संगठन ने जेयू परिसर में वामपंथी छात्रों की हिंसा को बताया 'पूर्व नियोजित'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल समर्थक शिक्षाविदों के एक मंच ने रविवार को जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) परिसर में हुई हिंसा को प्रतिष्ठित संस्थान को बदनाम करने की एक 'पूर्व नियोजित साजिश' बताया तथा वामपंथी तथा वाम चरपंथी छात्र प्रदर्शनकारियों द्वारा शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के साथ की गयी 'हाथापाई' तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों पर किये गये हमले की निंदा की। इस दिन, कोलकाता प्रेस कल्ब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में 'एजूकेशनिस्ट फोरम' के प्रवक्ता तथा इस विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि वामपंथी और वाम चरमपंथी छात्र कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने शनिवार



को 'पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीसीयूपीए)' की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में अराजकता पैदा कर दी, जबकि आयोजकों और बसु ने बैठक समाप्त होने के बाद कुलपति के सामने अपनी मांगों पर चर्चा करने का अनुरोध किया था। मिश्रा ने कहा कि छात्र प्रदर्शनकारियों ने वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही को बार-बार बाधित किया और यहां तक कि आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ भी की, लेकिन डब्ल्यूबीसीयूपीए सदस्यों ने धैर्य दिखाया एवं कोई प्रतिक्रिया नहीं की। हम उनके उकसावे में नहीं आए। उन्होंने आरोप लगाया कि अच्छे मेजबान होने के बजाय, उन्होंने उस संस्थान को बदनाम करने की कोशिश की, जिसने डब्ल्यूबीसीयूपीए की बैठक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक मंजूरी दी थी। उन्होंने पूरी दुनिया के सामने शिक्षा मंत्री के साथ हाथापाई की। उन्होंने कार्यवाहक कुलपति भास्कर गुप्ता को भी नहीं बख्शा और जब वह एक घायल छात्र से मिलने निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गए तो उन्होंने उनकी कमीज फाड़ दी। मिश्रा ने दावा किया कि उनके अलावा, अंग्रेजी विभाग के प्रमुख मनोजीत मंडल और डब्ल्यूबीसीयूपीए से जुड़े कई अन्य वरिष्ठ शिक्षकों को प्रदर्शनकारी छात्रों ने बुरी तरह पीटा। उन्होंने कहा कि उनके व्यवहार से यह स्पष्ट था कि वे छात्र संघ चुनाव या किसी अन्य मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं करना चाहते थे, बल्कि केवल अराजकता, गड़बड़ी पैदा करना चाहते थे और हमें डराना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मंच ने सोमवार को महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में एसएफआई द्वारा की आहूत की गयी हड़ताल का विरोध किया तथा सभी से 'संस्थानों को सुचारू रूप से चलाने में सहायता करने' की अपील की।

## हरिणघाटा में सड़क हादसे में एम्बुलेंस में सवार एक बच्चा समेच तीन की मौत, चार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा**

एम्बुलेंस और ट्रक में आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक बच्चा व दो महिलाएं हैं। उक्त घटना कल्याणी के हरिणघाटा में घटी। जबकि, हादसे में घायल चार अन्य लोग में अस्पताल में भर्ती हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना शनिवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर जगुली चौराहे पर हुई। बताया गया है कि एम्बुलेंस झारखंड के पाकुड़ से एक मरीज को लेकर कोलकाता जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही एक 12 चक्के की लॉरी से आमने-सामने की एम्बुलेंस की टक्कर हो गई। एम्बुलेंस बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो




गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने सबसे पहले बचाव कार्य शुरू किया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चार घायलों को कल्याणी के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका वहां इलाज चल रहा है। आशंका है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

## कोलकाता में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए बनेंगे 54 रिचार्ज पिट

### बारिश के पानी को रिचार्ज किया जाएगा, पर्यावरण के लिए भी हितकर होगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए 54 जगहों पर रिचार्ज पिट तैयार किए जाएंगे। इनके जरिए बारिश के पानी को रिचार्ज किया जाएगा। यह पर्यावरण के लिए भी हितकर होगा। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के सीवरेज व ड्रेनेज विभाग इसे तैयार करेगा। निगम के सीवरेज व ड्रेनेज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बताया कि रिचार्ज पिट को तैयार करने के लिए महानगर को तीन जोन में बांटा गया है। नार्थ जोन में 10, सेंट्रल जोन में 15 और साउथ जोन में कुल 29 रिचार्ज पिट तैयार किए जाएंगे।



रिचार्ज पीट सह सीवरेज विभाग कू अन्य परियोजनाओं को 500 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। 150 करोड़ रुपये आवंटित हो चुके हैं। सभी कार्यों को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि वनों की कटाई की वजह से वर्षा जल को रोकने की भूमि की प्राकृतिक क्षमता कम हो गई है। शहरी क्षेत्रों में बारिश का पानी विभिन्न मैनहोल व सीवरेज के माध्यम से बह कर नदियों तक पहुंता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। इस स्थिति से निबटने के लिए रिचार्ज पिट तैयार किए जाएंगे। रिचार्ज पिट एक बंद कुएं जैसी संरचना होती है, जिसे जमीन खोद कर गड्ढा बनाने के बाद पत्थरों को भरकर ढक दिया जाता है. वहीं, बारिश के पानी को रोड़ी, रेत, कोयला व पत्थरों से बने रिचार्ज पिट के माध्यम से पिट के निचले स्तर से रिचार्ज शाफ्ट लगाकर सीधे जमीन में डाला जाता है। 500 करोड़ के प्रोजेक्ट में महानगर में 13 खालों की ड्रेजिंग भी शामिल है।

❑ **तालाबों के जल धारण करने की क्षमता बढ़ाई जाएगी**

इसके अलावा कोलकाता की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने के लिए पांच जगहों पर स्थित तालाबों के जल धारण करने की क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही यह व्यवस्था भी की जाएगी कि भारी बारिश के दौरान सडक़ों पर जमने वाले पानी की निकासी तालाबों में की जा सके। इसके अलावा जल निकासी के लिए महानगर में सात ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इस परियोजना को करीब 132 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा।



# शिक्षक भर्ती घोटाला : आरोपित सुजयकृष्ण ने सुबूत भी किए थे नष्ट

**❑ ईमेल आईडी, मोबाइल फोन, लेनदेन की डायरी और बातचीत की रिकॉर्डिंग को नष्ट कर दिया था**



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में दावा किया है कि आरोपित सुजयकृष्ण भद्र ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले के सुबूत मिटाने के लिए अपनी और एक सहयोगी की ईमेल आईडी डिलीट कर दी थी। लेकिन फिर भी कोई अंतिम बचाव नहीं हुआ। सीबीआई ने कहा कि जिन दो लोगों के पास उम्मीदवारों की सूची संबंधित ईमेल गया था, उसके जरिए ही इसका पता चला है। ईमेल डिलीट करने के अलावा मोबाइल फोन, लेनदेन की डायरी और बातचीत की रिकॉर्डिंग को भी नष्ट कर दिया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी का कहना है कि ईमेल को डिलीट करने से स्पष्ट है कि सुजयकृष्ण भ्रष्टाचार में गहराई से शामिल था और उसने जांच शुरू होने के बाद सुबूत नष्ट करने की कोशिश की थी। इसलिए, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और सुबूत नष्ट करने की धाराएं भी आरोपपत्र में जोड़ी गई हैं। आरोपपत्र में सीबीआई ने कहा कि भर्ती के लिए 157 अयोग्य उम्मीदवारों के नामों की सूची सुजयकृष्ण के एजेंट दयाल हाजरा ने ईमेल के जरिए अभिषेक बनर्जी की कंपनी लिप्स एंड बाउंड्स की एक महिला रिसेप्शनिस्ट को भेजी थी। बाद में यह सूची सुजयकृष्ण के ईमेल पर भेज दी थी। उन्होंने यह सूची अरविंद रायबर्मन और दीपक बिस्वास को ईमेल कर दी थी। बाद में, सुजयकृष्ण ने अपनी और अपने एक सहयोगी निखिल हाती की ईमेल आईडी डिलीट कर दी थी। जांचकर्ताओं ने जब अरविंद और दीपक के ईमेल की जांच की तो उन्हें सुजयकृष्ण का ईमेल मिला और यह भी पता चला कि यह सूची किस स्रोत से आई थी। अमिताभ दत्त नामक एक अन्य एजेंट ने सुजयकृष्ण को 85 अयोग्य उम्मीदवारों की सूची भेजी थी। जांचकर्ताओं को प्राथमिक शिक्षा बोर्ड से पता चला है कि 242 अयोग्य उम्मीदवारों में से 61 को नौकरी मिल गई। आरोपपत्र में सीबीआई ने यह भी कहा है कि निखिल हाती विभिन्न एजेंटों द्वारा अयोग्य उम्मीदवारों से लाए गए धन का हिसाब अपनी डायरी में लिखता था। यद्यपि, गिरोह के एजेंटों से कुछ डायरियां बरामद की गईं, लेकिन सुजयकृष्ण की डायरी नहीं मिली। सीबीआई ने दावा किया है कि मामले की जांच उसके हाथ में आने के बाद सुजयकृष्ण ने डायरी नष्ट कर दी। शेख अब्दुल सलाम नामक एक एजेंट के फोन पर पैसों के लेन-देन से संबंधित बातचीत की रिकॉर्डिंग थी। आरोपपत्र में दावा किया गया है कि जांच शुरू होने के बाद सुजयकृष्ण ने सलाम को धमकाया और सुबूत नष्ट करने के लिए फोन भी नष्ट कर दिया।

# कुल्टी में 90 किलो गांजा बरामद, पांच महिला समेत 10 गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल के कुल्टी थाना के चौरंगी पुलिस फाड़ी अंतर्गत बाबना मोड़ इलाके मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूटकेश लेकर किसी वाहन का इंतजार कर रहे पांच महिला सहित पांच पुरुष को कुल्टी थाना व चौरंगी पुलिस फाड़ी ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है, उनके पास से करीब 90 किलो गांजा भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस के हत्थे चढ़े गांजा तस्कर उड़ीसा से झारखंड धनबाद के रास्ते आसनसोल पहुंचे थे और पश्चिम बंगाल व झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित डिबुडीह चेकपोस्ट के निकट बाबना मोड़ मे किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने गुप्त सूचना के



आधार पर कार्रवाई करते हुए उन्हें गांजे के खेप के साथ धर दबोचा। वहीं, इस मामले मे पुलिस ने कहा की उनको सूचना मिली थी जिस सुचना के आधार पर उन्होने यह कार्रवाई की है, साथ ही गांजा की इस तस्करी मे कौन -कौन लोग और शामिल हैं, इसके अलावा उनका तार कहां -कहां तक फैला है और यह पश्चिम बंगाल मे कहां सफलाई करने वाले थे तमाम तथ्यों को वह बहोत जल्द मिडिया के सामने रखेंगे। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले मे कुछ कहा जा सकता है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी महकमे के मुनी इलाके से लाखों रुपये के ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बागडोगरा थाना पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस की बागडोगरा थाना पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम ने मुनी इलाके में छापेमारी की। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। जब उनकी तलाशी ली गई, तो पुलिस को बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद हुई। तुरंत ही दोनों को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमुस शेरपा (25) और कारी पासवान (34) के रूप में हुई है। दोनों शिलिगुड़ी के सालुगारा इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उनके पास से कुल 304 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जांच में पता चला कि यह ब्राउन शुगर डालख-ोला से लाई गई थी और इसे शिलिगुड़ी में सप्लाई किया जाना था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सोमवार को उन्हें शिलिगुड़ी महकमे की अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, इस तस्करी रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी भी जांच की जा रही है। बागडोगरा थाना पुलिस ने पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# मुर्शिदाबाद में नाबालिग से यौन अत्याचार, मध्यस्थता बैठक में आरोपी पर लगा 5000 का जुर्माना!

## बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**मुर्शिदाबाद :** आठ साल की एक बच्ची से यौन शोषण का आरोप लगा है। घटना की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में मध्यस्थता बैठक आयोजित की गई। आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। लेकिन आरोपियों ने वह रकम देने से इनकार कर दिया। इसके बाद नाबालिग के परिजनों ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना मुर्शिदाबाद के बरन्या पुलिस स्टेशन में हुई। आरोपी का नाम अजय प्रमाणिक उर्फ ठंगा



है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम की है। बीरभूम सीमा के पास गांव में नाबालिग के घर के पास गांव के एक हिस्से में मेला लगता है। आरोपी युवक नाबालिग को मेले में ले गया था। आरोप है कि वहां ले जाकर युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। इस बीच लड़की का पता नहीं चलता देख नाबालिग के परिजनों ने पूरे गांव में खोजबीन शुरू की। परिवार का दावा है कि रात साढ़े आठ बजे तक वह कहीं नजर नहीं आया।

इसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे नाबालिग गांव की सड़क से अकेले घर लौट आई। घर लौटकर वह रोने लगी। परिजनों को पूरी घटना बताई। घटना की जानकारी होने पर शनिवार को गांव में मध्यस्थता बैठक बुलाई गई! इस घटना के लिए अजय प्रमाणिक पर 'सज़ा' के तौर पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। लेकिन युवक ने वह पैसे देने से इनकार कर दिया।

शनिवार रात को नाबालिग के परिजनों की ओर से बरन्या थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस ने घटना की जांच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी को पुलिस कोर्ट में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपी को हिरासत में भेजने का आदेश दिया। गिरफ्तार को सोमवार को पॉक्सो कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत जांच शुरू कर दी है।

## दो दिन से लापता युवक का शव मैदान में मिला, पास में बिखरी थी शराब की बोतलें, महेशतला में सनसनी

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के महेशतला में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। दो दिन से लापता एक युवक का शव मैदान से बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों ने युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव के पास शराब की बोतलें और गिलास बिखरे पड़े थे, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, महेशतला के बाटानगर स्थित पुराने जनता रेस्टोरेंट के पास के मैदान में युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास शराब की बोतलें और गिलास फैले हुए थे, जिससे कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने जब युवक को इस हालत में देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। सूचना मिलते ही महेशतला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर बेहाला के विद्यासागर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सायन विश्वास (26) के रूप में हुई है, जो महेशतला के बाटानगर मल्लिक बाजार नई बस्ती इलाके का रहने वाला था। परिवार के अनुसार, सायन दो दिन पहले घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन दो दिन बाद उसका शव मैदान से बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 52 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने संघ नेत्रालय में आयोजित सेवा शिविर में 52 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार विनीत शर्मा, समाजसेवी सुरेश कौशल, वृहत्तर कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू पेड़ीवाल, उपाध्यक्ष सरला बिनानी का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के सचिव विकास चन्द चांडक, अविनाश गुप्ता एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। अतिथियों ने संघ के अध्यक्ष कुंजबिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, इन्द्र कुमार डागा के मार्गदर्शन में सेवा कार्य की सराहना की। मंजू पेड़ीवाल, सरला बिनानी ने बताया नागरिक स्वास्थ्य संघ के सहयोग से रिसड़ा में 500 से अधिक नागरिकों का नेत्र एवम् स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




शिविर में चयन किये गये रोगियों की आंख में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। नागरिक स्वास्थ्य संघ ने तकरीबन 200 नागरिकों को चश्मे प्रदान किये। कुसुम मूंधड़ा, राजश्री पेड़ीवाल, शुभांगी राठी, शशि नागौरी, लक्ष्मी मूंधड़ा, प्रीति बियानी, पारुल साबू, मीरा कोठारी, सरोज लोहिया, सारिका बिहानी, सुशीला बागड़ी, दीपा लाखोटिया एवम् माहेश्वरी महिला संगठनों का सक्रिय सहयोग रहा।

## वोट के कारण बदल सकता है माध्यमिक परीक्षा का शेड्यूल, टेस्ट भी हो सकता है पहले

**कोलकाता :** अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या चुनाव की वजह से माध्यमिक परीक्षा का शेड्यूल प्रभावित होगा? खबरों के मुताबिक, माध्यमिक की टेस्ट परीक्षा इस बार पहले हो सकती है। आमतौर पर यह परीक्षा नवंबर में होती है, लेकिन इस बार इसे अक्टूबर के अंत में ही आयोजित किया जा सकता है।

यदि टेस्ट परीक्षा जल्दी होती है, तो माध्यमिक परीक्षा की तारीख भी आगे बढ़ सकती है। इसका सीधा असर छात्रों की तैयारी पर पड़ेगा, क्योंकि उन्हें कम समय मिलेगा।

लोकसभा चुनाव के दौरान भी माध्यमिक परीक्षा पहले आयोजित कर दी गई थी और फरवरी की शुरुआत में ही परीक्षा हो गई थी। अब 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए भी ऐसी संभावना जताई जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सूत्रों के अनुसार, इस बार कालीपूजा और भाईफोटा खत्म होते ही टेस्ट परीक्षा आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। परिषद ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब देखना होगा कि क्या माध्यमिक परीक्षा की तारीखों में भी बदलाव होता है।

# सियालदह स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपीएस की छापेमारी में 30 लाख रुपये का सोना बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह स्टेशन पर छापेमारी अभियान चलाते हुए लगभग 30 लाख रुपये का सोना बरामद हुआ। यह संयुक्त अभियान 28 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी द्वारा चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, सियालदह के अपराध सुरक्षा और पहचान दस्ते (सीपीडीएस) के उप-निरीक्षक हारदेश कुमार, कांस्टेबल अतुल कुमार और महिला कांस्टेबल माधुरी पाठक के नेतृत्व में सियालदह के जीआरपीएस ने छापेमारी की। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 5 पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 348.79 ग्राम कास्टिंग सोना बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये बताई जा रही



है। आरोपी की पहचान राहुल सांतरा (25) के रूप में हुई, जो उत्तर 24 परगना के खालिदपुर गांव का निवासी है। वह सोने के स्वामित्व के संबंध में कोई कानूनी दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह बनगांव से कोलकाता के लिए बनगांव-सियालदह लोकल ट्रेन से यात्रा कर रहा था। बरामदी के बाद, उप-निरीक्षक हारदेश कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार किया और बरामद सोने को जब्त कर लिया। इस मामले में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई और आगे की जांच के लिए सियालदह के जीआरपीएस में मामला पंजीकृत किया गया।

## घरेलू खपत में तेजी, सामान्य मानसून से मिल सकता है बड़ा बढ़ावा : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल - प्रभुदास लीलाधर ने अपनी नवीनतम इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट - रिकवरी इन साइट, चैलेंजेस में कहा कि घरेलू खपत रिकवरी के कगार पर है, और सामान्य मानसून वर्ष खपत को बड़ा बढ़ावा दे सकता है। रिसर्च हाउस को उम्मीद है कि निकट भविष्य में बाजार अस्थिर रहेंगे, लेकिन क्यू4सीवाई25 के अंत तक स्थिर हो जाएंगे। बाजार की सबसे बड़ी चिंता - उच्च पूंजीगत व्यय, कर कटौती और उपभोक्ता मांग में सुधार के कारण एफपीआई प्रवाह सकारात्मक हो सकता है। अंत में, निफ्टी का 12 महीने का लक्ष्य 25,689 पर देखा गया है। पीएल कैपिटल को उम्मीद है कि निकट भविष्य में बाजार अस्थिर रहेगा, लेकिन 4क्यू25 के अंत तक स्थिर हो जाएगा। विभिन्न सरकारी पहलों और मानसून (एपीईसी क्लाइमेट सेंटर साउथ कोरिया के अनुसार सामान्य मानसून) का प्रभाव संभवतः 2क्यू26 में बेहतर उपभोक्ता मांग में दिखाई देने लगेगा।

## फीफा वर्ल्ड कप विजेता ब्राजील लेजेंड्स और इंडिया ऑल-स्टार्स के बीच ऐतिहासिक मैच, टिकट बिक्री शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** फुटबॉल प्लस एकेडमी ने आगामी ब्राजील लेजेंड्स बनाम इंडिया ऑल-स्टार्स मैच के आधिकारिक टिकट लॉन्च की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक मुकाबला 30 मार्च 2025 को शाम 7:00 बजे प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चेन्नई में खेला जाएगा। इस मैच में फीफा वर्ल्ड कप के विजेता ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो, कैफू, रिवाल्डो और कोच डुंगा सहित कई अन्य सितारे भारत के प्रमुख फुटबॉल खिलाड़ियों के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। ब्राजील की 2002 फीफा वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेलेगी। इंडिया ऑल-स्टार्स टीम में भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी जैसे मेहताब हुसैन, सैयद रहीम नबी और शनमुगम वेंकटेश शामिल हैं। बुकमायशो पर 2 मार्च से शाम 4 बजे से टिकट की बिक्री शुरू हो चुकी है। फुटबॉल प्लस एकेडमी के संस्थापक, डेविड आनंद ने इसे भारतीय फुटबॉल के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है और प्रशंसकों से इस शानदार इवेंट का हिस्सा बनने की अपील की है।

# जीएसआइ ने 175वें स्थापना वर्ष पर राष्ट्रव्यापी वाकथान का किया आयोजन

**कोलकाता :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) ने चार मार्च को होने वाले अपने 175वें स्थापना वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में रविवार को कोलकाता सहित देशभर में राष्ट्रव्यापी वाकथान का आयोजन किया। देशभर में जीएसआइ कार्यालयों के 27 स्थानों पर आयोजित वाकथान में सुरक्षित विश्व के लिए भूविज्ञान थीम को अपनाया गया, जिसमें छात्रों, खिलाड़ियों और सभी क्षेत्रों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कोलकाता में सबसे बड़े स्तर पर वाकथान का आयोजन साल्टलेक सेक्टर-2 स्थित सीके-सीएल पार्क में हुआ, जहां प्रतिष्ठित ओलंपियन सुष्मिता सिंघा राय और सोमा विश्वास ने जीएसआइ के महानिदेशक असित साहा के साथ मिलकर इसे हरी झंडी दिखाई।




कोलकाता में ही जीएसआइ का मुख्यालय है। प्रसिद्ध हेप्टाथलीटों, दोनों ओलंपियनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रेरणा और ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर दोनों ओलंपियनों और अन्य अतिथियों ने भूवैज्ञानिक मानचित्रण, खनिज अन्वेषण और राष्ट्रीय विकास में जीएसआइ के योगदान, उपलब्धियों और विरासत की प्रशंसा की। उन्होंने जागरूकता और टीम वर्क को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में हिंदुस्तान कापर लिमिटेड के निदेशक (खनन) संजीव कुमार सिंह, पीएसएस के एडीजी डा जायश बागची, एडीजी (वित्त) डा जॉयदीप गुहा और जीएसआइ पूर्वी क्षेत्र की एडीजी और विभागाध्यक्ष वर्षा अशोक अगलावे व अन्य शामिल थे। इस मौके पर जीएसआइ के महानिदेशक असित साहा ने वाकथान को धीरज और दृढ़ता का प्रतीक बताते हुए प्रतिभागियों से जीएसआइ की उत्कृष्टता की विरासत और समृद्ध भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को बनाए रखने का आग्रह किया। वाकथान में शामिल प्रतिभागियों ने 2.8 किमी का मार्ग तय किया, जो सीके-सीएल पार्क, साल्टलेक से शुरू होकर करुणामयी और जीएसआइ पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय से गुजरा। इस वाकथान में विभिन्न आयु समूहों के 1,000 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। समापन पर प्रतिभागियों को महानिदेशक ने पुरस्कृत भी किया।

## हावड़ा डिवीजन के मुरारई में लेवल क्रॉसिंग गेट को बदलकर सबवे का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा हावड़ा डिवीजन के मुरारई में लेवल क्रॉसिंग गेट को बदलकर सबवे का निर्माण किया गया। रविवार को लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 32/एसपीएल/टी को बंद कर लिमिटिड हाईट सबवे (एलएचएस-32) का उद्घाटन किया गया, जिससे अब सड़क यातायात को सुचारु रूप से चलाया जा सकेगा। लेवल क्रॉसिंग गेट-32, एक उच्च यातायात गेट था, जिसके कारण प्रति माह लगभग 70 ट्रेनों में देरी होती थी, औसतन 15 मिनट का समय इसमें रुकावट के रूप में बिताया जाता था। मुरारई में बने इस सीमित ऊंचाई वाले सबवे को बॉक्स-पुशिंग पद्धति के माध्यम से एक ट्विन बॉक्स संरचना के रूप में स्थापित किया गया था। इस परियोजना के दौरान कई चुनौतियां का भी सामना करना पड़ा। इस सबवे



के शुरू होने से कई फायदे होंगे। ट्रैफिक में अब किसी भी तरह की कोई रुकावट नहीं होगी। इससे पहले सड़क वाहनों को लेवल क्रॉसिंग के पास औसतन 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता था। बड़े और छोटे दोनों प्रकार के सड़क वाहन आसानी से इस सबवे से गुजर सकते हैं।

# अखिल भारतीय साहित्य सृजन सम्मान-2025 से सम्मानित कवि नीतिश सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** काव्य गरिमा हिंदी साहित्य मंच के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी, पुस्तक विमोचन, एवं सम्मान समारोह का आयोजन गांधी शांति प्रतिष्ठान, आईटीओ नई दिल्ली, में रविवार को संपन्न हुआ। काव्य गरिमा हिंदी साहित्य मंच के प्रथम वार्षिक उत्सव में डॉ. कीर्ति काले और डॉ. ठाकुर सुदेश कुमार रोनिजा, विशिष्ट अतिथियों के हाथों दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में कोलकाता के कवि एवं लेखक नीतिश सिंह को अखिल ने भारतीय सृजन सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। काव्य गरिमा हिंदी साहित्य मंच की संस्थापिका गरिमा भाटी 'गौरी' तथा मंच की अध्यक्ष डॉक्टर



मीना घूमे 'निराली' के सौजन्य से दो सत्रों में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ 13 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस सम्मान समारोह में शिक्षा, साहित्य, कला, नित्य, संगीत, रक्तदान, पत्रकारिता, ज्योतिष, समाज सेवा, कृषि, खेलकूद, मीडिया, दिव्यांग, मानव अधिकार, महिला एवं बाल अधिकार आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मनुष्य को अपने-अपने क्षेत्र में उच्च कोटि के सृजनात्मक कार्य के लिए मंच की ओर से अखिल भारतीय सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर 6000 लोगों में महाप्रसाद वितरण किया गया



**कोलकाता :** बड़तल्ला स्ट्रीट स्थित श्री काशीनाथ महादेव मंदिर के तत्वाधान पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर 6000 भक्तों में महाप्रसाद वितरण किया गया ओर मंदिर प्रांगण में भव्य झांकी दर्शाया गया। इस मौके पर विजय ओझा (पार्षद), रोहित पाठक(युवा कांग्रेस नेता), सांवरमल अग्रवाल, दीपक मिश्रा, नंदकिशोर तोशावार, भोला यादव, संजय मांगशिंका, शिवराज बाल्मीकि, कालीनाथ सिंह, उत्तम सोनकर, मधु जालू, सुभाष सिंह, ददन सिंह उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत मनोज चांदगोठिया और तारकनाथ गुप्ता ने किया ओर कार्यक्रम का संचालन पंकज सोनकर ने किया ओर धन्यवाद ज्ञापन अनिल लखोटिया ने किया। मुकेश शर्मा, प्रकाश धानुका, महेंद्र सोनकर, विजय वोहरा, मुकेश सोनकर, कमल गुप्ता, सुमित गुप्ता, बलदेव लखोटिया, अमित सोनकर, अशोक सोनकर, आकाश सोनकर, मंजीत सोनकर, विनय बोथरा, राहुल महतो का सक्रिय भूमिका रहा।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से राजस्थानी भाषा साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन

**कोलकाता :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से हिंदुस्तान क्लब में राजस्थानी भाषा साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्रीगंगानगर के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार डा मंगत बादल को सीताराम रुंगटा राजस्थानी साहित्य पुरस्कार एवं लूणकरसर के साहित्यकार रामजीलाल घोड़ेला को केदारनाथ भागीरथी देवी राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह की राजस्थान फाऊंडेशन जयपुर के आयुक्त डॉ मनीषा अरोडा समारोह की मुख्य अतिथि थी। सर्वप्रथम अपने अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थानी भाषा प्रचार - प्रसार के लिए किया जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरिप्रसाद कनोडिया ने सम्मानित



साहित्यकारों को बधाई दी।समाजसेवी एवं उद्योगपति गोविंद शारदा ने यह इस बात पर संतोष प्रकट किया कि प्रवासी राजस्थानी अपने माटी से जुड़े हुए हैं। साहित्यकार डॉ मंगत बादल, साहित्यकार रामजीलाल घोड़ेला, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपना वक्तव्य रखा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार पोद्दार, संतोष सराफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सिकरिया, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री रतन शाह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पवन कुमार जालान, वित्त उप समिति के चैयरमेन आत्माराम सोंथालिया, कुंज बिहारी अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश सोंथालिया, अरुण कुमार गाड़ोदिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, विश्वनाथ भुवालका, दीनदयाल धनानिया, राज बिजरानिया, बंशीधर शर्मा, नंदललाल सिंघानिया, जयप्रकाश सेठिया, शिवकुमार बगला, संजय बिनानी,अरुण कुमार सोनी आदि गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# तृणमूल के गुटीय संघर्ष में गोलीबारी, दो नेता अस्पताल में भर्ती, पार्टी की बढ़ी परेशानी

**बांकुड़ा :** तृणमूल कांग्रेस के आंतरिक गुटीय संघर्ष में गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिससे पार्टी की जिला इकाई असहज स्थिति में आ गई है। सोनामुखी थाना क्षेत्र के चकाई गांव में हुई इस हिंसक झड़प के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का नाम बकुल खान है, जो इस घटना के मुख्य आरोपी सेकंदर खान का सहयोगी बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को आज विष्णुपुर महकुमा अदालत में पेश किया जाएगा।



शनिवार को पंचायत के जल निकासी नाला निर्माण को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ, जिसमें गोलीबारी भी हुई। इस घटना में तृणमूल के स्थानीय बूथ अध्यक्ष नसीम शेख गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली चलाने का आरोप तृणमूल कार्यकर्ता सेकंदर खान पर लगाया गया है। घटना के बाद नसीम शेख के भाई ने सोनामुखी थाने में सेकंदर और उसके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मुख्य आरोपी सेकंदर खान को भी संघर्ष में गंभीर चोटें आई हैं और वह इस समय बांकुड़ा सम्मेलन मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। पुलिस ने उसके सहयोगी बकुल खान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, पुलिस ने घटनास्थल से एक वान शॉटर बंदूक और एक राउंड कारतूस का खोल बरामद किया है। अब पुलिस जांच कर रही है कि गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार कहां से आया था। बाकी दो आरोपियों की तलाश भी जारी है। इस घटना के बाद तृणमूल के स्थानीय नेतृत्व पर भी सवाल उठने लगे हैं। पार्टी के नेताओं का कहना है कि कानून अपना काम करेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

इस गोलीकांड के बाद इलाके के लोग आक्रोशित हैं और मुख्य आरोपी सेकंदर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेकंदर उर्फ साइन तृणमूल के संरक्षण में इलाके में दबंगई करता था। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर वह लोगों से पैसे वसूलता था और सरकारी परियोजनाओं में भी जबरन हस्तक्षेप करता था। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कानून के शिकंजे में लाया जा सके।

# घर के प्रवेश द्वार को घेरकर होती थी बैठकी, विरोध करने पर पूर्व सीपीएम पार्षद पर हमले का आरोप

**कोलकाता :** बारासात नगर पालिका के 21 नंबर वार्ड में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि लंबे समय से घर के प्रवेश द्वार को घेरकर सीपीएम कार्यकर्ताओं की बैठक चलती थी। जब एक स्थानीय व्यक्ति ने इसका विरोध किया, तो कथित रूप से सीपीएम के पूर्व पार्षद और उनके सहयोगियों ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना शनिवार रात की है, जब सूर्येंदु सरकार नामक व्यक्ति अपनी बेटी के लिए दवाई लेने बाहर गए थे। लौटते समय उन्होंने देखा कि उनके घर के रास्ते में पहले की तरह बैठक चल रही थी। उन्होंने इस पर



आपत्ति जताई, लेकिन इसी दौरान उनके साथ मारपीट की गई। इस हमले में उनकी पत्नी भी कथित रूप से घायल हो गईं।

हैरानी की बात यह है कि यह घटना पुलिस चौकी के पास ही हुई, लेकिन पुलिस ने कोई तत्काल कार्रवाई नहीं की। रविवार को सूर्येंदु सरकार ने इस मामले की शिकायत बारासात थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं, सीपीएम ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी के जिला समिति सदस्य अहमद अली खान ने कहा कि उनके किसी भी कार्यकर्ता ने रास्ता नहीं घेरा था और न ही किसी के साथ मारपीट की गई। उन्होंने दावा किया कि यह आरोप पूरी तरह से झूठा है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे की सच्चाई जानने की कोशिश कर रही है।

### मुर्शिदाबाद में यात्री बस और लॉरी में टक्कर, 20 घायल




**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक यात्री बस और लॉरी के बीच टक्कर होने की वजह से करीबन 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर मेहदीपुर बस स्टैंड के पास एक यात्री बस और लॉरी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि 20 बस यात्री घायल हो गए। घायलों में से 15 को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# आरजीकर हत्या-दुष्कर्म मामले में सीबीआई ने 11 पुलिस कर्मियों को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर हत्या-दुष्कर्म मामले में सीबीआई ने कोलकाता पुलिस के 11 अधिकारियों को तलब किया है। बताया गया है कि घटना वाले दिन टाला थाने और आरजीकर अस्पताल चौकी में ये सभी 11 अधिकारी ड्यूटी पर थे। दरअसल, अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल करने से पहले सीबीआई अधिकारी टाला पुलिस स्टेशन और आरजीकर अस्पताल चौकी के 11 पुलिस कर्मियों और अधिकारियों से पूछताछ करना चाहते हैं। उनमें से कुछ लोग टाला पुलिस स्टेशन में थे। बाकी कुछ लोग आरजीकर अस्पताल चौकी पर कार्यरत थे। सूत्रों के




अनुसार, घटना के दिन यानी 9 अगस्त को टाला थाने के तत्कालीन ओसी अभिजीत मंडल ने इन 11 पुलिस कर्मियों से कई बार फोन पर और व्यक्तिगत रूप से बात की थी। उन्होंने और संदीप घोष ने उन्हें विभिन्न निर्देश भी दिए थे। ये निर्देश अतिरिक्त आरोप पत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सीबीआई आरोपपत्र दाखिल करने से पहले उनके बयानों को महत्व दे रही है। सीबीआई सोमवार और मंगलवार को उन पुलिस कर्मियों और अधिकारियों से पूछताछ करेगी। इस संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है कि सीबीआई इस सप्ताह या अगले सप्ताह सियालदह अदालत में अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। सीबीआई ने कहा कि इस बात पर भी चर्चा चल रही है कि क्या दोनों आरोपियों संदीप और अभिजीत के अलावा किसी और का नाम भी आरोपपत्र में शामिल किया जा सकता है।

# कुंभ मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 23 घायल

**हुगली :** जिले के दादपुर थाना अंतर्गत सोमसारा इलाके में रविवार सुबह एक दुखद सड़क दुर्घटना हुई, जब यात्री प्रयाग में कुंभ मेले में स्नान करने के बाद अयोध्या और हरिद्वार होते हुए लौट रहे थे। तब यह बस हुगली में दुर्घटना का शिकार हुई। बस में कुल 62 तीर्थयात्री सवार थे। बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस चालक सहित कुल 23 लोग घायल हो गए, जिनमें एक बच्चा और कई महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी घायल उत्तर 24 परगना के हाबरा और अशोकनगर के निवासी हैं। दुर्घटना की खबर मिलते ही हुगली जिला ग्रामीण पुलिस के दादपुर थाने और दादपुर ट्रैफिक गार्ड की पुलिस



तुरंत मौके पर पहुंची और बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर धनियाखाली ग्रामीण अस्पताल ले गई। खबर मिलते ही हुगली ग्रामीण पुलिस के अधिकारी और धनियाखाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक असीमा पात्रा घटनास्थल पर पहुंची । उन्होंने घायलों के उपचार के बारे में जानकारी ली तथा तत्काल चिकित्सा उपचार का निर्देश दिया। हालांकि, घायलों में से 8 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें चुंचुड़ा के इमामबाड़ा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। सप्तग्राम विधानसभा के विधायक तपन दासगुप्ता भी अस्पताल पहुंचे । उन्होंने घायलों से बात की और सभी चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसी तरह की मदद कीआवश्यकता होगी या कोई अन्य समस्या आएगी तो वे त्वरित कार्रवाई करेंगे। इस दुर्घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर सड़क की स्थिति काफी खराब थी और तेज गति के कारण बस का नियंत्रण खो गया और वह खाई में गिर गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और बस चालक का बयान भी लिया जा रहा है।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर एसएफआई का विरोध प्रदर्शन

**हुगली :** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया हुगली जिला समिति के तरफ से श्रीरामपुर के बटतला मोड़ पर विरोध मार्च का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी तादात में छात्रों ने हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। एसएफआई ने नारे लगाए ब्रत्य बसु की कार के पहिये पर हमारे भाइयों का खून बर्दास्त नहीं किया जायेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की। कुछ देर तक हुए प्रदर्शन के बाद पुलिस के हस्तक्षेप से प्रदर्शन ख़त्म हुआ। ज्ञात हो कि शनिवार को जादवपुर विश्वविद्यालय में पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के वाहन पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों द्वारा हमला किया गया। यह



घटना तब हुई जब मंत्री बसु विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने उनकी कार को घेर लिया, कार के शीशे तोड़ दिए गए। प्रदर्शन के दौरान एसएफआई का एक छात्र घायल हुआ। इसके बाद से मामल तूल पकड़ते जा रहा है। एसएफआई के विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य छात्र संघ चुनावों की तिथि घोषित करने की मांग करना है, जो लंबे समय से लंबित हैं। छात्र संगठन विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार पर इन चुनावों को शीघ्र कराने का दबाव बना रहा है।

## श्याम की लाड़ली ने मनाया फाल्गुन उत्सव, बाबा के दरबार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**हावड़ा :** श्याम की लाडलियों ने धूमधाम से बाबा का फाल्गुन उत्सव मनाया। इस अवसर पर बाबा के भव्य दरबार को सजाया गया। जहां बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। उत्सव के दौरान आमंत्रित कलाकारों ने बाबा को भजनों से रिझाया और सभी श्रद्धालु नाचते-गाते रहे। इस रंगारंग समारोह में स्थानीय विधायक गौतम चौधरी, भाजपा महासचिव उमेश राय, सुरेंद्र जैन, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मानव जायसवाल, गोलाबारी थाना के प्रभारी सुदीप सिंह, नम्रता सिंह, बुधमल लूनिया और रितेश खटेड़ समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने बाबा के दर्शन का लाभ लिया और श्याम की लाडलियों का उत्साह बढ़ाया।

# जादवपुर की घटना के खिलाफ शिवपुर थाने के सामने विरोध सभा

**हावड़ा :** जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रों पर तृणमूल समर्थित गुंडों के हमले और शिक्षा मंत्री की गाड़ी से एक छात्र को कुचले जाने की घटना के खिलाफ हावड़ा में विरोध प्रदर्शन हुआ। सीपीआईएम दक्षिण पूर्व हावड़ा एरिया कमेटी की ओर से इस घटना के विरोध में एक प्रतिवाद जुलूस निकाला गया और शिवपुर थाने के सामने विरोध सभा का आयोजन किया गया। इस जुलूस का नेतृत्व सीपीआईएम हावड़ा जिला कमेटी के सदस्य शैलेंद्र कुमार राय, दक्षिण हावड़ा के पूर्व विधायक केके राय और असित घोष ने किया। यह जुलूस संध्या बाजार से शुरू होकर शिवपुर थाने के सामने पहुंचा, जहां विरोध सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिला कमेटी सदस्य शैलेंद्र कुमार राय, पूर्व विधायक



केके राय, युवा नेता श्रेयान सेन गुप्त और महिला नेत्री कृष्णा चटर्जी ने सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। शैलेंद्र कुमार राय ने कहा कि कैंपस में हिंसा और आतंक फैलाने की साजिश में शामिल शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की आवाज को दबाने के लिए दमनकारी नीतियों का सहारा ले रही है, लेकिन सीपीआईएम इस तानाशाही के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। इस जुलूस और विरोध सभा में बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए और उन्होंने छात्रों के प्रति एकजुटता प्रकट की। सभा के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई।

# लगातार 8 घंटे चली श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम की भव्य विराट निशान शोभायात्रा






- **उमड़ा लाखाधिक भक्तों का सैलाब**
- **उत्तर हावड़ा की सड़कों पर रींगस का नजारा, घासबागान से घुसुड़ीधाम तक लगी लम्बी कतार, हजार भक्तों ने चढ़ायें निशान**

**हावड़ा :** 'लहराते देखे हैं हमने श्याम निशान हजारों, हारे का साथी यही है प्रेम से इनको पुकारो, जो पैदल चलते हैं उनके संग चलते हैं रस्ता दिखलाते हैं... खाटू के बाबा श्याम।' इस बहुचर्चित भजन की पंक्तियां पूर्वी भारत में श्याम भक्तों के महातीर्थ के रूप में परिणित श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम की भव्य विराट और एतिहासिक निशान शोभायात्रा में प्रमाणित होते दिखीं। हजारों भक्तों द्वारा निशान पूजन व आरती के पश्चात् हजारों श्याम भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति एवं बाबा श्याम के प्रति अपार श्रद्धा को दर्शाते हुए बाबा श्याम को आज निशान (ध्वजा) अर्पित किए। श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के बैनर तले आयोजित रंगरंगीला फाल्गुन मेला-2025 के पहले चरण में आज निकाली गई लगभग 5 किलोमीटर लम्बी यह पैदल निशान शोभायात्रा लगभग प्रातः 5 बजे गोलाबाड़ी घासबागान से प्रारंभ हुई जिसमें 15 हजार से ज्यादा निशान यात्रियों के अलावा अन्य लाखाधिक भक्त भी शामिल हुए। भारी संख्या में स्त्री-पुरुष, युवक-युवतियाँ और बच्चे-बूढ़े इस शोभायात्रा में हाथों में रंग-बिरंगे निशान (ध्वजा) लेकर श्याम प्रभु के गुणगान के साथ विभिन्न मार्गो का परिभ्रमण करते हुए श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचे और 'इस धरती पर बाबा तेरे मंदिर अनेक हैं, लेकिन घुसुड़ी का मंदिर लाखों में एक है... 'कलियुग में बाबा श्याम का ऐसा चमत्कार हो गया, जो आया घुसुड़ीधाम उसका हर काम हो गया... जैसे भजनों और जय श्री श्याम, जय घुसुड़ीधाम के जयकारों के साथ बाबा श्याम को ध्वजाएं अर्पित की। हावड़ा ए.सी. मार्केट के निकट स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, डा. अवनी दत्त रोड, सलकिया स्कूल रोड, बांधाघाट, जे. एन. मुखर्जी रोड, श्री अरविन्द रोड, सलकिया, जी. टी. रोड, डॉन बॉस्को कॉलोनी होते हुए श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंची शोभायात्रा में शामिल रथ पर सुसज्जित श्री श्याम प्रभु की नयनाभिराम झांकी भक्तों के आर्कषण का केन्द्र रही। मंदिर के ठीक सामने मंदिर के मुख्य भजन प्रवाहक व संचालक मनोज बालासिया व लोकप्रिय भजन प्रवाहकों करिश्मा चावला और सूरज शर्मा ने निशान यात्रियों के लिए श्याम गुणगान की रसधार प्रवाहित की।

मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने निशान शोभायात्रा के निर्विघ्न समापन पर हावड़ा सिटी पुलिस और न्यू ऑयरन मार्केट एसोसियेशन सहित हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट, हरियाणा जागृति संघ (कोलकाता), पवन गर्ग, मानव सेवा समिति (हावड़ा), मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी, श्री श्री बाबा तारकनाथ सेवा समिति, बम बासुकी ग्रुप, श्री श्याम सेवादार समिति, मारवाड़ी युवा मंच (हावड़ा शाखा), बाबा श्याम के अनमोल रत्न, श्री नारायणी मंगल पाठ समिति (बांधाघाट), श्री हनुमान भक्त मण्डल लिलुआ, माहेश्वरी फटाफट मेडिकल सेवा आदि संस्थाओं से मिले सहयोग के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित की। पूरे आयोजन का भावपूर्ण संचालन मंदिर के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने किया है।

आयोजन की सफलता में सुरेन्द्र अग्रवाल, किशन कासुका, कपिल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद टिबड़ेवाल, राधेश्याम टिबड़ेवाल, वरुण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नारायण टिबड़ेवाल, पवन गर्ग, राकेश गर्ग, अविनाश अग्रवाल, संजय टिबड़ेवाल, देवेन्द्र कासुका, राजेश अग्रवाल, मुकेश कानोड़िया, टिंकू चौधरी, गोपाल अग्रवाल, अरबिन्द बागला, श्याम परसरामपुरिया, राजेश सिंघानिया, पप्पू जमालपुरिया सहित सभी पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

# हत्या और डकैती के आरोप में वांछित दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**कोलकाता :** सोनारपुर थाना पुलिस ने दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों अपराधी लंबे समय से फरार थे और पुलिस को उनकी तलाश थी। गिरफ्तार किए गए अपराधियों के नाम अब्दुल हकीम मोल्ला और आदित्य दास हैं। पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है।



सूत्रों के मुताबिक, अब्दुल हकीम मोल्ला एक कुख्यात अपराधी है, जिस पर हत्या, चोरी, डकैती और लूटपाट जैसे कई गंभीर आरोप हैं। उसे काफी समय से बसिरहाट थाना पुलिस तलाश कर रही थी। वहीं, आदित्य दास का नाम भी पुलिस के आपराधिक रिकॉर्ड में दर्ज है। दोनों अपराधी उत्तर 24 परगना से भागकर दक्षिण 24 परगना के प्रसादपुर इलाके में छिपे हुए थे।

शनिवार रात को पुलिस को इनकी मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद भांगड़ बॉर्डर से सटे प्रसादपुर इलाके में छापेमारी की गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अब सवाल उठ रहा है कि क्या वे इस इलाके में भी किसी आपराधिक योजना को अंजाम देने की फिराक में थे?

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ की, जिसमें कई अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है। उनके पास से एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। रविवार को दोनों को बारुईपुर सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अब उन्हें अपनी कस्टडी में लेकर आगे की पूछताछ करने की तैयारी में है, ताकि उनके आपराधिक नेटवर्क और संभावित सहयोगियों के बारे में और जानकारी मिल सके।

### विवाहेत्तर संबंध के संदेह में खंभे से बांधकर पिटाई, वीडियों वायरल होते ही विवाहिता ने की खुदकुशी

**हावड़ा, समाज्ञा :** ग्रामीण हावड़ा के श्यामपुर में प्रेमी के साथ पकड़े जाने के बाद दोनों की सामूहिक पिटाई करने और इसकी कुछ तस्वीर सोशल मीडिया वायरल होने से परेशान एक विवाहिता ने फांसी लगा कर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, विवाहिता का स्थानीय एक युवक के साथ विवाहेतर संबंध था। पिछले दिनों दोनों को एक साथ ग्रामीणों ने देख लिया। ग्रामीणों ने दोनों को बिजली के खंभे से बांध कर पिटाई की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि अपमान सहन नहीं कर पाने के कारण विवाहिता ने शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने बताया कि पिटाई की तस्वीरें फेसबुक पर देखने के बाद ही उसने खुदकुशी की।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के जरिए पासपोर्ट बनाने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग कर पासपोर्ट बनाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त का नाम लक्ष्मण कुमार है। कोलकाता पुलिस सूत्रों के अनुसार, वेस्ट पोर्ट थाना क्षेत्र के निवासी लक्ष्मण ने हाल ही में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। नियमानुसार, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया था। यहीं से वास्तविक जानकारी सामने आई। दस्तावेज सत्यापन के दौरान पता चला कि युवक का जन्म प्रमाण पत्र फर्जी था। वह प्रमाण पत्र कथित तौर पर बिहार से बनवाया गया था। मामला उजागर होते ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि,



पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि इसमें और कौन-कौन शामिल है। फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके पासपोर्ट बनाने के पीछे क्या उद्देश्य था? पुलिस ऐसे कई सवालों के जवाब तलाश रही है। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे।

# रेलवे ट्रैक पर अवैध प्रवेश और अतिक्रमण के खिलाफ जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन द्वारा अवैध रूप से ट्रैक क्रॉसिंग और अतिक्रमण के कारण गंभीर समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए सियालदह डिवीजन ने एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसमें स्टेशनों पर लगातार घोषणाओं के साथ-साथ यात्रियों को अतिक्रमण और उसके कानूनी परिणामों के बारे में जानकारी देने वाले पैम्फलेट भी वितरित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए, सियालदह डिवीजन विभिन्न स्टेशनों पर स्काउट्स और गाइड्स, सेंट जॉन एंबुलेंस और सिविल डिफेंस की मदद से नुक्कड़ नाटक आयोजित कर रहा है। सियालदह डिवीजन के डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि रेलवे ट्रैक पर अवैध प्रवेश एक खतरनाक और गैरकानूनी कृत्य है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। उन्होंने यात्रियों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# उत्तर प्रदेश के सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ अस्पताल की व्यवस्था करें : योगी



लखनऊ, दो मार्च (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की भी व्यवस्था करें। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में संबंधित विभागों के मंत्री, शासन स्तर के अधिकारी, सभी मंडलों के मंडलायुक्त, सभी जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मौजूद रहे। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें कुल 34,600 लोग घायल हुए और 24 हजार से अधिक मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े बेहद दुखद हैं और इनमें हर हाल में कमी लानी होगी। योगी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सामूहिक प्रयासों के जरिये सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं पर अंकुश लगाएं और प्रदेश के सभी मार्गों पर 'ब्लैक स्पॉट' को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क हादसों में घायल लोगों के इलाज के विषय में चिंता जाहिर करते हुए कहा, ''सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।'' योगी ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों-हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलंदशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर-खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क हादसों में हुए कुल मौतों में 42 प्रतिशत इन जनपदों में दर्ज की गईं। उन्होंने मौतों को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। योगी ने कहा कि तेज रफ्तार से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, सिग्नल तोड़ना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं, जिन्हें लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूल-कॉलेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर जागरूकता फैलाएं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार सरकार कृषि के लिए जून तक 2.85 लाख और किसानों को बिजली कनेक्शन देगी

**पटना:** बिहार में करीब 2.85 लाख और किसानों को कृषि कार्य के लिए इस वर्ष जून तक बिजली कनेक्शन मिलने वाला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अबतक 5.55 लाख किसानों को कृषि फीडर के माध्यम से बिजली कनेक्शन मिल चुके हैं। राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ''जून 2025 तक...लगभग 2.85 लाख और किसानों को बिजली के कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे जो कृषि बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दे चुके हैं।'' बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर राज्य का ऊर्जा विभाग यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि बाकी किसानों को यथाशीघ्र कृषि के लिए बिजली का कनेक्शन दिया जाए।

### पंजाब में नशे के खिलाफ अभियान में 410 स्थानों पर छापेमारी, 43 तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब में रविवार को नशा विरोधी अभियान के तहत 510 स्थानों पर छापेमारी की गयी और 43 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दो दिनों में 333 ऐसे लोगों को पकड़ा गया और राज्य भर में 27 प्राथमिकी दर्ज की गईं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इन तस्करों के पास से 776 ग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम अफीम, 38 किलोग्राम चूरा पोस्त, 2,615 नशीली गोलियां और 4.60 लाख रुपये नकद बरामद किए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की थी। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ कार्रवाई की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति का भी गठन किया है। विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने बताया कि 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 300 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में छापेमारी की और दिनभर चले अभियान के दौरान 619 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की।

### भाजपा विधायक के भतीजे की कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**गोंडा:** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में रविवार शाम कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक के भतीजे की कार की चपेट में आने से चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई। कटरा बाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय भाजपा विधायक बावन सिंह का भतीजा रविवार शाम पहाड़ापुर स्थित दयाराम पुरवा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया हुआ था। उन्होंने बताया कि गांव के रहने वाले राजेश कुमार यादव की बेटी करिश्मा नल से पानी लेकर घर लौट रही थी, तभी वह कार को पीछे कर रहे चालक की लापरवाही से उसके नीचे आ गई। सिंह के मुताबिक, घटना में करिश्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि राजेश ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। सिंह के अनुसार, शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्वाई की जा रही है।

### 27 साल पुराने दंगा मामले में 45 आरोपी बरी, शस्त्र अधिनियम में चार को तीन-तीन साल की कैद

**कानपुर:** कानपुर की एक त्वरित अदालत ने दंगे से जुड़े 27 साल पुराने उस मामले में 45 आरोपियों को बरी कर दिया है, जिसमें एक वरिष्ठ अधिकारी की सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और कई अन्य को भी गंभीर चोटें आई थीं। वहीं, अदालत ने दंगा मामले में चार आरोपियों को शस्त्र अधिनियम के तहत तीन-तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। अधिवक्ताओं ने रविवार को बताया कि अदालत ने सबूतों के अभाव में 45 आरोपियों को बरी कर दिया, क्योंकि अभियोजन विचाराधीन कैदियों के खिलाफ मामले को मजबूत बनाने में विफल रहा। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा, बरी किए गए 45 आरोपी पहले से ही जमानत पर बाहर थे। शासकीय अधिवक्ता राजेंद्र उत्तम ने बताया कि हालांकि, त्वरित अदालत ने दंगा मामले में चार आरोपियों को शस्त्र अधिनियम के तहत तीन-तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि सभी दोषियों को जमानत दे दी गई है, क्योंकि उनकी सजा तीन साल से कम है।

## महाकुंभ में बिछड़े 54,000 से अधिक लोग अपने परिजनों से मिले



**महाकुंभनगर:** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान 45 दिनों तक उमड़े श्रद्धालुओं के जनसैलाब के बीच अपनों से बिछड़े कुल 54,375 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया। सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'महाकुंभ मेले के दौरान देश के कोने-कोने से और विदेश से आए 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान, अपने परिवार से बिछड़े 54,375 लोगों का पुनर्मिलन कराया गया। बिछड़ने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक थी।' बयान के अनुसार, 'इस बार महाकुंभ में भूले-भटके लोगों को शीघ्रता से उनके परिवार से मिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की थी। महाकुंभ में इन केंद्रों के माध्यम से 35,000 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया।'' बयान में कहा गया है कि अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति के दौरान लापता 598 श्रद्धालुओं, मौनी अमावस्या के दौरान लापता 8,725 श्रद्धालुओं और बसंत पंचमी के दौरान लापता 864 श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की मदद से उनके परिजनों से मिलवाया गया। इसमें बताया गया है कि अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 24,896 लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया और इस तरह डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की मदद से परिजनों से मिलवाए गए भूले-भटके लोगों की संख्या 35,083 रही। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर पूरे महाकुंभनगर में 10 डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए थे, जिनमें अत्याधुनिक एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। वहीं, दूसरी ओर भूले-भटके लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में गैर-सरकारी सामाजिक संस्थाओं भारत सेवा दल और हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति की भी अहम भूमिका रही। भारत सेवा दल के भूले-भटके शिविर के संचालक उमेश चंद्र तिवारी के अनुसार, महाकुंभ के समापन तक शिविर ने 19,274 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया।

## भाजपा सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर नौकरियां, आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रही : अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रही है। अखिलेश ने आरोप लगाया, पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपा। अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। सपा प्रदेश मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है। सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों रुपये की संपत्तियां पूंजीपतियों को देना चाहती है। अखि-लेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को नौकरियों और आरक्षण से वंचित करने के लिए हर दिन नये-नये षड्यंत्र रच रही है। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। वह पीडीए से नफरत करती है। निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती हैं। निजी क्षेत्र मनमानी करके महंगाई बढ़ाता है, जिसका असर आम जनता पर पड़ता है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी संस्थाओं के निजी हाथों में चले जाने से पीडीए को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है।

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की जमीन पर जालसाजों ने कब्जा किया, जांच शुरू

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में जालसाजों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक जमीन पर कब्जा कर लिया और उसे कथित तौर पर बेच दिया। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी के मुताबिक, दिग्विजय की जमीन की देखभाल करने वाले अनिल यादव ने जिलाधिकारी, उप-जिलाधिकारी और पुलिस के पास शुक्रवार को इस सिलसिले में शिकायत दर्ज कराई। यादव ने कहा कि जब जमीन पर अवैध निर्माण शुरू हुआ, तब उसे मामले का पता चला। अधिकारी के अनुसार, अंबेडकरनगर जिले की आलापुर तहसील के राम नगर महुवर गांव में 0.152 हेक्टेयर भूखंड (प्लॉट संख्या 1335) दिग्विजय के नाम पर दर्ज है। उन्होंने बताया कि पहले यह जमीन दिग्विजय की मां अपर्णा कुमारी के नाम पर दर्ज थी, लेकिन 18 फरवरी 1986 को उनकी मौत के बाद दिग्विजय ने विरासत के लिए आवेदन किया और फिर 18 मई 2024 को जमीन उनके नाम पर पंजीकृत हो गई। यादव ने तहसील प्रशासन और पुलिस को बताया कि आलापुर तहसील के केवटला गांव के रहने वाले राम हरक चौहान ने 1989 में खुद को दिग्विजय बताकर सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक जियालाल और राम नगर महुवार गांव निवासी राजबहादुर तथा मंगली को जमीन हस्तांतरित कर दी। खरीदारों के परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया, जिसके बाद यादव ने शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि तहसील प्रशासन ने निर्माण कार्य रोक दिया है और भूमि रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी गई है। आलापुर तहसील के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि भूमि अभी भी आधिकारिक तौर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नाम पर पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि जमीन पर निर्माण कार्य रोक दिया गया है और तहसील प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## बिहार बजट से पहले तेजस्वी ने की पेंशन में बढ़ोतरी की मांग



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मांग की कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की जाए और गरीब महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह दिए जाएं। बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को अपना आखिरी बजट पेश किया जाना है जिससे एक दिन पहले यादव ने यह मांग की। विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार राज्य में सभी उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा करेगी। वित्त विभाग संभालने वाले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश करेंगे। यादव ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया, 'केंद्र और राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को बिहार के लोगों के हितों की कोई चिंता नहीं है।' उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार ने पिछले 20 वर्षों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन में कोई वृद्धि नहीं की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, वर्ष से अधिक आयु के लोगों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली राशि को मौजूदा 400 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये प्रति माह किया जाना चाहिए, जो देश में सबसे कम है।' उन्होंने यह भी कहा, 'हम सामाजिक सुरक्षा पेंशन में पर्याप्त वृद्धि, गरीब और वंचित वर्गों की महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने और राज्य के सभी उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग करते हैं।' यादव ने कहा कि राज्य की राजग सरकार को इन मांगों को स्वीकार करना चाहिए और अगले वित्त वर्ष के बजट में इन पहलों की घोषणा करनी चाहिए। राजद नेता ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से 65 प्रतिशत करने की भी मांग की। उन्होंने कहा, 'पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया जिससे बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण के आलोक में कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया।' हालांकि, यादव ने दावा किया कि भाजपा ने अदालत का रुख किया और 'पूरे मामले को कानूनी लड़ाई में उलझा दिया।'

## पंचायत चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करें: अनुप्रिया पटेल



**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) की प्रमुख और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 2025 के अंत में होने वाले आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर चुनावी रणनीतियों पर आगे बढ़ने से पहले पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया। पटेल ने रविवार को लखनऊ के गांधी भवन सभागार में पार्टी संगठन की मासिक समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने पार्टी के विकास के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया। पटेल ने दोहराया कि पार्टी की सफलता की नींव एक मजबूत संगठन के निर्माण में निहित है। उन्होंने कहा, चाहे 2025 का चुनाव हो, 2027 का या 2029 का, हमारी पहली प्राथमिकता पार्टी संगठन को मजबूत करने की होनी चाहिए। तभी हम कुछ सार्थक करने की स्थिति में होंगे। आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर पटेल ने घोषणा की कि पार्टी उन कार्यकर्ताओं को टिकट देने को प्राथमिकता देगी, जिन्होंने लगातार पार्टी के विकास में सहयोग किया है। उन्होंने कहा, ''हम पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट देंगे, लेकिन उससे पहले हमें संगठन को मजबूत करना होगा। पटेल ने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई भी कार्यकर्ता जो अन्य व्यस्तताओं के मुकाबले संगठन की बैठकों को प्राथमिकता देता है, वह वास्तव में पार्टी के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में यो-गदान देता है। बैठक के दौरान उन्होंने आने वाले दिनों में नये प्रभारियों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए उनका परिचय भी कराया। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं को भरपूर अवसर मिलेगा। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि चुनावों में सफलता केवल उम्मीदवारों के होने से नहीं मिलेगी; पार्टी के संगठन की मजबूती महत्वपूर्ण होगी। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल भी बैठक में मौजूद थे।

## आगामी त्योहारी मौसम में कोई नयी परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए : डीजीपी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने रमजान, होली और ईद-उल-फितर सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर रविवार को दो टूक हिदायत दी कि कोई भी नयी परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए। कुमार ने आने वाले त्योहारी मौसम में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, बैठक राज्य भर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने पर केंद्रित थी और उत्सव के दौरान शांति, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट उपायों के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बयान के मुताबिक, बैठक में कुमार ने सहयोगी अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की नयी परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए और सभी त्योहार पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप संपन्न कराए जाएं। उन्होंने कहा कि धर्मगुरुओं/शांति समिति की बैठक पहले से ही वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में करा ली जाए और बैठक के दौरान यदि कोई विवाद की बात संज्ञान में आती है, तो तत्काल उसका संबंधित विभागों के सहयोग से समाधान करा लिया जाए।

## भगवा त्रिशूल यात्रा सोमवार को लखनऊ पहुंचेगी



**लखनऊ:** धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने और युवाओं को सनातन संस्कृति के अभियान से जोड़ने के मकसद से अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (आईएमपीसी) की ओर से निकाली गई 'भगवा त्रिशूल यात्रा' तीन मार्च को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचेगी। संगठन के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, प्रयागराज महाकुंभ का ऐतिहासिक आयोजन निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी सफलता है और अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद इस सफलता का जश्न मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल के साथ मनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि एक मार्च को प्रयागराज से शुरू हुई 'भगव त्रिशूल यात्रा' तीन मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। यादव ने कहा, वर्तमान में विदेश के 12 मंदिरों सहित 120 मंदिरों को एक सूत्र में बांधने का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत प्रयागराज से दिल्ली तक निकाली जाने वाली 'भगवा त्रिशूल यात्रा' तीन मार्च को लखनऊ पहुंच रही है। इस यात्रा का पूरे दिन शहर में जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद राज्य में 'भगवा त्रिशूल यात्रा' निकाल रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल धार्मिक स्थलों का संरक्षण करना है, बल्कि युवाओं को सनातन संस्कृति, भारतीय इतिहास और मंदिरों के आधुनिकीकरण के अभियान से जोड़ना भी है।'

## न्यूज अपडेट

### झारखंड के चतरा में माओवादी संगठन का क्षेत्रीय कमांडर गिरफ्तार

**चतरा (झारखंड):** जिले में एक प्रतिबंधित माओवादी संगठन के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर को गिरफ्तार किया गया है जिस पर 18 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) से जुड़े माओवादी के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने पत्रकारों से कहा, 'शनिवार को हंटरगंज क्षेत्र में पुट्सगिया पुल के पास वाहन जांच अभियान के दौरान उसे और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया गया।' पांडेय ने बताया कि झारखंड सरकार ने माओवादी के बारे में सूचना देने पर 15 लाख रुपये और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उन्होंने कहा कि वह माओवादी गतिविधियों से संबंधित 75 से अधिक मामलों में वांछित था। अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका निर्मित राइफल समेत हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए।'

### जयपुर में बच्चों ने सार्वजनिक जगहों को संवारने की पहल शुरू की

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर में बच्चों और किशोरों के एक समूह ने डब्ल्यूआरआई इंडिया और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से रविवार को भोमिया बस्ती सामुदायिक पार्क को अपनी कला से संवारने की पहल शुरू की। समूह ने पार्क में बेहतर कचरा प्रबंधन और बैठने की आरामदायक व्यवस्था के अलावा ऐसी जगह बनाने पर काम किया, जिससे आराम, खेलकूद, सामुदायिक सहभागिता और व्यायाम करना आसान हो। इन किशोर-किशोरियों ने पार्क को बेहतर बनाने के लिए कम लागत के सामान का इस्तेमाल किया है, जिससे यहां कारगर समाधानों का प्रदर्शन किया जा सके। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान जयपुर नगर निगम (हेरिटेज) की महापौर कुसुम यादव ने कहा, जब मैं यहां आई, तो एक किशोरी ने मुझे पार्क के विभिन्न हिस्सों के बारे में बताया। मुझे अच्छा लगा कि हर स्थान को युवाओं की इच्छाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, चाहे वह चलने के रास्ते हों या बैठने की जगहें हों या सेल्फी पॉइंट हों। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम के जरिये शहर के किशोर बेहतर भविष्य के लिए नवीन विचार पेश कर रहे हैं। आज पार्क में कई माताएं और बेटियां हमारे साथ हैं। मेरी राय में जब महिलाएं किसी पहल का हिस्सा होती हैं, तो इसका सफल होना तय है। शहर के अन्य हिस्सों में सार्वजनिक जगहों के विकास के बारे में यादव ने कहा, नगर निगम टिकाऊ और दीर्घकालिक समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग देगा। जयपुर नगर निगम (हेरिटेज) के वार्ड पार्षद भूपेंद्र कुमार मीणा ने कहा, करीब आठ दिन पहले इस पार्क की छवि बहुत अलग थी। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ने इसे पूरी तरह बदल दिया है। यह आपका स्थान है, आपका घर है, आपका भविष्य है।

### अयोध्या : भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्था में बदलाव के चलते बड़ी संख्या में लावारिस जूते, चप्पल एकत्र

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भक्तों की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थागत बदलाव के चलते राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास करीब एक महीने से रोजाना बड़ी संख्या में लावारिस जूते-चप्पल एकत्र हो रहे हैं। नगर निगम पहले ही वहां से बड़ी संख्या में जूते-चप्पल हटा चुका है। ये जूते-चप्पल तीर्थयात्रियों के हैं, जिन्होंने इन्हें राम पथ पर स्थित मुख्य प्रवेश द्वार गेट संख्या एक पर उतार दिया था। शुरुआत में, लगभग आधा किलोमीटर का गोलाकार मार्ग पूरा करने के बाद, तीर्थयात्री उसी द्वार (गेट संख्या एक) से बाहर निकलते थे और अपने जूते-चप्पल लेते थे। हालांकि, बढ़ती भीड़ के कारण, अयोध्या प्रशासन ने गेट संख्या तीन और अतिरिक्त द्वारों के माध्यम से निकास को पुनर्निर्देशित किया। इससे प्रवेश बिंदु से अपने जूते-चप्पल वापस पाने के लिए तीर्थयात्रियों को पांच से छह किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती, जिस कारण वे अपने जूते-चप्पल छोड़ दे रहे हैं और नंगे पैर अपने वाहनों या आवास की ओर जा रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ की शुरुआत से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मिश्रा ने कहा, पिछले 30 दिन से व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ को बिना किसी अव्यवस्था के आसानी से दर्शन मिल सके। उन्होंने कहा, मंदिर परिसर का गेट संख्या तीन खोल दिया गया है। दर्शन के बाद भक्तों को इस गेट से बाहर निकाला जा रहा है। इसलिए भक्त श्रीराम सरकारी अस्पताल से आगे बढ़ते हैं। रामपथ पर एक-तरफा मार्ग होने के कारण, भक्तों को जूता उतारने वाले क्षेत्र तक पहुंचने के लिए फिर से पांच-छह किलोमीटर चलना पड़ता है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम रोजाना लाखों की संख्या में लावारिस जूते-चप्पल हटा रहा है, उन्हें जेसीबी मशीनों का उपयोग करके इकट्ठा कर रहा है और ट्रॉलियों पर लाद रहा है।

## बिहार में कई स्थानों पर गंगा नदी का जल नहाने लायक नहीं: आर्थिक सर्वेक्षण



**पटना:** बिहार में ज्यादातर जगहों पर गंगा नदी का जल नहाने लायक तक नहीं है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि ऐसा प्रति इकाई गंगा जल में बैक्टीरिया की अधिक संख्या (हाई वैल्यू ऑफ बैक्टीरियल पाप-लेशन) की मौजूदगी के कारण है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) हर पखवाड़े राज्य में 34 स्थानों पर गंगा के पानी की गुणवत्ता की निगरानी करता है। हाल ही में राज्य विधानसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, गंगा के पानी में बैक्टीरिया की उच्च संख्या (कोलीफॉर्म और फीकल कोलीफॉर्म की कुल मात्रा) में मौजूदगी का संकेत मिलता है। यह मुख्य रूप से गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों से सीवेज/घरेलू अपशिष्ट के गंगा जल में प्रवाहित होने के कारण है। सर्वेक्षण में बीएसपीसीबी के नवीनतम जल गुणवत्ता परीक्षण परिणामों का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है, ''अन्य पैरामीटर... पीएच (अम्लता या क्षारीयता), घुलित ऑक्सीजन और जैव-रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) बिहार में नदी और उसकी सहायक नदियों में निर्धारित सीमा के भीतर देखी गई है, जो दर्शाता है कि पानी जलीय जीवन, वन्यजीवों के प्रजनन, मत्स्य पालन और सिंचाई के लिए उपयुक्त है।' नदी के तट पर स्थित महत्वपूर्ण शहरों में बक्सर, छपरा (सारण), दिघवारा, सोनपुर, मनेर, दानापुर, पटना, फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, बेगुसराय, खगड़िया, लखीसराय, मनिहारी, मुंगेर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर और कहलगांव शामिल हैं। रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए बीएसपीसीबी के अध्यक्ष डी के शुक्ला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गंगा नदी में बैक्टीरिया (जीव-णुओं) की अधिक संख्या चिंता का विषय है। शुक्ला ने कहा,'मलमूत्र में 'फीकल कोलीफॉर्म' बैक्टीरिया पाए जाते हैं जो अनुपचारित सीवेज के माध्यम से पानी को दूषित करते हैं। इसका स्तर जितना अधिक होगा, पानी में रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं की उपस्थिति उतनी ही अधिक होगी। सीपीसीबी मानकों के अनुसार, फीकल कोलीफॉर्म की अनुमेय सीमा 2,500 एमपीएन प्रति 100 मिली है।' उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानों पर गंगा में कुल कोलीफॉर्म और फीकल कोलीफॉर्म की उपस्थिति बहुत अधिक है, जो दर्शाता है कि यह स्नान के लिए उपयुक्त नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसपीसीबी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है कि राज्य में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) ठीक से काम करें। शुक्ला ने कहा,'हमने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कुछ एसटीपी पर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो।' सर्वेक्षण में कहा गया है, 'बीएसपीसीबी औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ एसटीपी/सीवरेज नालों से उत्पन्न अपशिष्ट/सीवेज की गुणवत्ता की भी निगरानी कर रहा है। फिलाहाल बोर्ड द्वारा विभिन्न स्रोतों से 2,561 जल/अपशिष्ट/सीवेज नमूने एकत्र किए गए हैं।'

# होश आया तो साथी को बगल में मृत पाया : हिमस्खलन में जीवित बचे मजदूर जगबीर ने कहा

**देहरादून :** सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के मजदूर जगबीर सिंह को जब होश आया, तो उसे अपने आसपास बर्फ की सफेद अंतहीन चादर दिखाई दी और बगल में एक मृत साथी का शव मिला। जगबीर के मुताबिक, हिमस्खलन के कारण उसका एक पैर टूट गया था और उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। जगबीर को कुछ दूरी पर एक होटल दिखाई दिया और उसने उसी में शरण लेकर करीब 25 घंटे का भयावह समय गुजारा। होटल में जगबीर ने प्यास बुझाने के लिए बर्फ खाई और वह अपने एक दर्जन से भी अधिक साथियों के साथ एक ही कंबल में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से जूझता रहा। पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जगबीर ने बताया कि जिस समय हिमस्खलन हुआ और बर्फ ने उसे उसके साथियों के साथ कई



मीटर नीचे धकेल दिया, उस समय वह बीआरओ के शिविर में अपने कंटेनर में सो रहा था। जगबीर ने कहा, ''हम जिस कंटेनर में थे, वह नीचे लुढ़कने लगा। जब तक हम यह समझ पाते कि क्या हुआ है, मैंने देखा कि हमारे एक साथी की मौत हो गई है और मेरा एक पैर टूट गया है। मेरे सिर में भी चोट लगी थी। वहां हर तरफ बर्फ का ढेर था।'' जगबीर ने बताया कि वह और उसके कुछ साथी किसी तरह से भारी कदमों से धीरे-धीरे चलते हुए कुछ दूरी पर स्थित एक होटल में पहुंचे और वहां आश्रय लिया। उसने कहा, ''हमें 25 घंटे बाद बाहर निकाला गया और इस दौरान हम 14-15 लोगों के पास ओढ़ने के लिए केवल एक कंबल था। जब हमें प्यास लगी, तो हमने बर्फ खाई।'' रात में कंटेनर में रह रहे बीआरओ के 54 मजदूर 28 फरवरी को उत्तराखंड के पहाड़ी चमोली जिले के माणा गांव में हुए हिमस्खलन में फंस गए थे। इनमें से 46 मजदूरों को सेना समेत कई एजेंसियों द्वारा संचालित बचाव अभियान के दौरान सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि आठ अन्य की मौत हो गई। सभी मृतकों के शव बरामद हो गए हैं। हिमस्खलन के कारण घायल मजदूरों को ज्योतिर्मठ के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अपनी भयावह आपबीती सुनाई। उत्तरकाकाशी के रहने वाले मनोज भंडारी ने बताया कि हिमस्खलन इतना भीषण था कि केवल 10 सेकेंड में ही उसने सभी कंटेनर को 300 मीटर नीचे फेंक दिया। भंडारी ने कहा, ''मैं थोड़ी देर के लिए अपने होश खो बैठा और फिर मुझे एहसास हुआ कि वहां से भागना असंभव था, क्योंकि चारों ओर तीन-चार फीट बर्फ थी। किसी तरह हम बर्फ के बीच नंगे पैर चलकर सेना के एक खाली गेस्ट हाउस में शरण लेने के लिए पहुंचे। बचाव दल दो-तीन घंटे के बाद हमारे पास पहुंचे।'' बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले मुन्ना प्रसाद ने कहा कि सभी कंटेनर अलकनंदा नदी की तरफ बह गए। उसने कहा, ''हम करीब 12 घंटे तक बर्फ के नीचे ऐसे ही पड़े रहे। बर्फ से हमारी नाक बंद हो गई थी और सांस लेना मुश्किल था। हालांकि, शुक्र है कि बहुत देर होने से पहले सेना और आईटीबीपी की टीमें हमें बचाने आ गईं।'' कई मजदूरों ने सेना के शिविर, बैरक, खाली पड़े होटल जैसे किसी भी स्थान पर आश्रय लेकर किसी तरह अपनी जान बचाई। कुछ मजदूरों को तो हिमस्खलन के कुछ घंटों में ही बचा लिया गया, लेकिन अन्य को कड़ाके की ठंड में घंटों गुजारने पड़े। शुक्रवार को ही 33 मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया था, जबकि 17 अन्य को शनिवार को बचाया गया। बिहार के एक अन्य मजदूर अविनाश कुमार ने बताया कि सिर को छोड़कर उसका पूरा शरीर बर्फ के अंदर दबा हुआ था। उसने बताया कि हिमस्खलन के दौरान उसका सिर लोहे की किसी वस्तु से टकरा गया था और उससे खून निकल रहा था। हिमस्खलन के दो घंटे बाद सेना के जवानों ने कुमार को बाहर निकाल लिया और उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसके सिर में 29 टांके लगाए गए। उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी चंद्रभान ने बताया कि मुख्य हिमस्खलन के कुछ देर पहले करीब साढ़े पांच बजे एक हल्का हिमस्खलन भी हुआ था। चंद्रभान ने बताया, ''कंटेनर के शीर्ष पर एक खुले स्थान के जरिये मैं भाग निकला।''हिमाचल प्रदेश के विपिन कुमार ने कहा, ''सब कुछ बहुत जल्दी हुआ।'' पिथौरागढ़ के बेरीनाग के रहने वाले गणेश कुमार ने बताया कि तड़के हुए हिमस्खलन से पहले रातभर बर्फबारी हुई थी। उसने कहा, ''सुबह के छह बज रहे थे। मैं अपने साथियों के साथ कंटेनर में सो रहा था। इस बीच, हमारे कंटेनर ने हिलना शुरू कर दिया और थोड़ी देर बाद हमने अपने आपको बर्फ के बीच में फंसा पाया। कुछ देर बाद बचाव टीम आई और हमें स्ट्रेचर पर सेना के अस्पताल ले गई।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### उच्चतम न्यायालय ने बच्चे की हत्या के मामले में महिला को बरी किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा की उस महिला को बरी कर दिया है, जिसे साढ़ चार वर्षीय एक बच्चे की हत्या के 23 वर्ष पुराने मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम.सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने अभियोजन पक्ष के बयान में त्रुटि पाई तथा गंडासी (कुल्हाड़ी) की बरामदगी के आधार पर, निचली अदालत के दोषसिद्धि के निष्कर्ष पर पहुंचने को गलत पाते हुए महिला को बरी कर दिया। महिला की सजा को उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने संबंधी महिला की अपील को स्वीकार करते हुए कहा, ''हमारे विचार से, दोनों न्यायालयों ने केवल हथियार की बरामदगी पर पर्याप्त भरोसा करके गलती की है, जबकि शव बहुत पहले पाया गया था। इस प्रकार, हम अपीलकर्ता को संदेह का लाभ देने के लिए बाध्य हैं।''

### ओडिशा में मौसम गर्म रहा, बोलांगीर में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के कई स्थानों पर रविवार को मौसम गर्म रहा और बोलांगीर में पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बोलांगीर में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अंतर्गत पांच अन्य स्थानों पर तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। यहां अंगुल में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस, टिटलागढ़ में 37.6 डिग्री सेल्सियस, झारसुगुड़ा और भद्रक दोनों में 37.5 डिग्री सेल्सियस और जाजपुर में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भवानीपटना, सोनपुर और बारीपदा में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भुवनेश्वर में दिन का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने कहा कि अगले चार-पांच दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार मार्च, अप्रैल और मई माह में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

### दिल्ली पुलिस ने 5.05 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में कारोबारी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पूर्वी दिल्ली में एक संपत्ति पर फर्जी ऋण लेकर एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी से 5.05 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक बयान में कहा कि एक निजी कंपनी के निदेशक मुकेश अरोड़ा ने 2020 में यह झूठा दावा करके ऋण प्राप्त किया कि प्रीत विहार में उनकी दिवंगत मां के स्वामित्व वाली एक संपत्ति पर कोई कर्ज नहीं है। हालांकि, जांच से पता चला कि उक्त संपत्ति पर बने पांच फ्लैट 2005 में एक बैंक को बेचे गए थे, लेकिन इस तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया।

### दिल्ली में तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 85 लाख रुपये की एमडीएमए जब्त

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 170 ग्राम एमडीएमए जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 85 लाख रुपये है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एमडीएमए को 'मोली' या 'एक्स्टसी' के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के महिपालपुर इलाके में मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने 24 फरवरी को मसूदपुर गांव के पास छापा मारा। इस दौरान तीन संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उनमें से मोहम्मद राहुल (23) और एसके साबिर (36) को पकड़ लिया गया।''

## पिछले दशक में भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था रहा : धनखड़

**तिरुवनंतपुरम :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश ने पिछले एक दशक में तेज आर्थिक वृद्धि दर्ज की है और इस दौरान यह सबसे तेजी आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। उपराष्ट्रपति ने यहां भारतीय विचार केंद्र द्वारा आयोजित चौथे 'पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान' में कहा कि 1989 में जब वह सांसद थे और 1991 में जब वह केंद्रीय मंत्री थे, तब ''माहौल हमें प्रेरित नहीं करता था।'' पी. परमेश्वरन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सबसे वरिष्ठ प्रचारकों में से एक थे और पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ के पूर्व नेता थे। धनखड़ ने कहा, ''अब हमारा भारत सकारात्मकता और संभावनाओं से भरा हुआ है। यह आशा और आकांक्षाओं से भरा है। हर तरफ और हर जगह हम आशा और संभावनाओं का पारिस्थितिकी तंत्र देख सकते हैं। भारत ने पिछले एक दशक में तेजी से आर्थिक उछाल देखा है।'' उन्होंने कहा कि देश पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था है और ''बहुत जल्द चार हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है।'' उन्होंने कहा, ''भारत आठ प्रतिशत की औसत वृद्धि के साथ पिछले एक दशक में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था है।'' धनखड़ ने यह भी कहा कि भारत को अब सपेरों का देश नहीं कहा जाता, बल्कि ''यह अपनी क्षमता से पूरे विश्व को आकर्षित कर रहा है।''

## दिल्ली के हर क्षेत्र में विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि शहर के हर क्षेत्र में विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा करना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नयी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यालय में पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गुप्ता ने दिल्ली की जनता, विशेषकर पूर्वांचल के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की नयी सरकार की बारी है कि वह अगले पांच वर्षों में भाजपा द्वारा किए गए हर वादे को पूरा करे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यमुना की पूर्ण सफाई और नदी के तट पर छठ पूजा का आयोजन भाजपा का अगला लक्ष्य है। इस कार्यक्रम को सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह



वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इन नेताओं ने भाजपा को समर्थन देने के लिए पूर्वांचली समुदाय को धन्यवाद भी दिया। वर्मा ने कहा कि यह सरकार दिल्ली के विकास के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाहे समस्या सड़क की हो, गंदे पानी की आपूर्ति की हो या फिर सीवेज की, सरकार चौबीसों घंटे इसका समाधान करने के लिए तैयार है। मंत्री ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही चार अंकों का हेल्पलाइन नंबर शुरू किया जाएगा।

## भागवत ने सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया

**ईटानगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। भागवत ईटानगर के निकट नाहरलागुन में न्यीशी समुदाय के प्रतिष्ठित प्रार्थना केंद्र डोनयी पोलो न्येदर नामलो में गये और सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देने में आध्यात्मिक प्रथाओं की भूमिका पर बात की। डोनयी पोलो न्येदर नामलो में साप्ताहिक प्रार्थना आयोजित की जाती है। नामलो की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भागवत ने पारंपरिक प्रार्थना समारोह में हिस्सा लिया। इसमें कहा गया है कि उन्होंने नामलो पुजारियों और श्रद्धालुओं के साथ विचार-विमर्श किया तथा अपनी परंपराओं की रक्षा के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। बयान में कहा गया है, ''भागवत ने आधुनिक आकांक्षाओं के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के महत्व को भी रेखांकित किया और इस बात पर बल दिया कि डोनयी पोलो न्येदर नामलो जैसी आध्यात्मिक



प्रथाएं राष्ट्र निर्माण के हमारे साझा लक्ष्य की दिशा में सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।'' इसमें कहा गया कि उनकी यात्रा ने इन प्राचीन परंपराओं के संरक्षण के महत्व और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका की पुष्टि की। भागवत की अरुणाचल प्रदेश की चार दिवसीय यात्रा का यह आखिरी कार्यक्रम था। यात्रा के दौरान उन्होंने दो दिवसीय आरएसएस कार्यकर्ता शिविर में हिस्सा लिया, जिसमें राज्यभर से संगठन के सदस्य शामिल हुए। उनकी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा गुवाहाटी में पांच दिवसीय कार्यक्रम के बाद हुई है। अरुणाचल प्रदेश का दौरा समाप्त कर भागवत शताब्दी वर्ष से संबंधित अन्य कार्यक्रमों के लिए गुवाहाटी लौटेंगे।

## भाजपा और अन्य 'जातिवादी पार्टियों' को सिर्फ बसपा ही हरा सकती है : मायावती

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) को 'एक ही सिक्के के दो पहलू' करार देते हुए रविवार को कहा कि भाजपा और अन्य 'जातिवादी पार्टियों' को सिर्फ बसपा ही पराजित कर सकती है। मायावती ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों की बैठक में विभिन्न स्तर पर पार्टी संगठन के कार्यकलापों व तैयारियों, कैडर के आधार पर जनाधार को सर्वसमाज में बढ़ाने के अलावा पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाने के लिए दिए गए पिछले दिशा-निर्देशों की राज्यवार गहन समीक्षा की। उन्होंने हाल ही में उत्तर प्रदेश की



मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उप-चुनाव में बसपा के मैदान में नहीं उतरने बावजूद हुई सपा की पराजय का जिक्र करते हुए कहा, ''अब इसके लिए सपा किसको जिम्मेदार ठहराएगी क्योंकि पिछले उपचनुाव में पार्टी की हार के लिए सपा ने बसपा को जिम्मेदार ठहराने का मिथ्या प्रचार किया था।'' मायावती ने कहा, ''कुल मिलाकर, सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और भाजपा व अन्य जातिवादी पार्टियों को केवल अम्बेडकरवादी नीति व सिद्धान्त वाली बसपा ही पराजित कर सकती है। यह बात पूरे देश के सर्वसमाज के लोगों को जरूर समझना चाहिये।'' उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ख़ासकर 'बहुजन समाज' के करोड़ों लोगों के समुचित एवं समग्र विकास के बिना यूपी ही नहीं बल्कि देश भी सही से तरक्की नहीं कर सकता है। इसीलिए सरकार को राजनीतिक, साम्प्रदायिक द्वेष व पक्षपात आदि से ऊपर उठकर पूरे संवैधानिक दायित्व के साथ जनहित व जनकल्याण के लिए कार्य करना होगा।

## मस्जिद में बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में मौलवी पर मुकदमा

**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था। मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उच्चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था, जिनके मुताबिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मिश्रा ने बताया कि अशफाक 28 फरवरी की शाम को भी नमाज एवं अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर रहे थे और मांगने पर वह कोई अनुमति पत्र नहीं दिखा सके थे। उन्होंने कहा कि नियम के उल्लंघन के आरोप में मौलवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 (सरकारी आदेशों की अवहेलना), 270 (सार्वजनिक उपद्रव) और 293 (किसी वैध प्राधिकरण की ओर से जारी निषेधाज्ञा के बावजूद सार्वजनिक उपद्रव जारी रखना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एनजीटी ने पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों को तलब किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उधम सिंह नगर जिले में 176 पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूकेपीसीबी) के सदस्य सचिव और राज्य के



प्रधान मुख्य वन संरक्षक को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। एनजीटी ने जिले के चांदपुर गांव में निजी व्यक्तियों द्वारा आवासीय कॉलोनी के विकास के दौरान पेड़ों की अनधिकृत कटाई किए जाने से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने 24 फरवरी के अपने आदेश में कहा कि पूर्व में गठित संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार 176 पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया है और इसके लिए पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाना है। समिति में जिला मजिस्ट्रेट, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय और यूकेपीसीबी शामिल थे। अधिकरण ने रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड के मुख्य सचिव और अन्य से जवाब मांगा है। उसने कहा, ''हमारा मानना है कि अगली सुनवाई पर यूकेपीसीबी के सदस्य सचिव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) का अधिकरण के समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होना आवश्यक है ताकि मामले में शामिल प्रश्नों के संबंध में न्यायोचित और उचित निर्णय लेने में अधिकरण को सहायता मिल सके।'' हरित निकाय ने कहा, ''उन्हें प्रासंगिक रिकॉर्ड के साथ इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।''

## गुवाहाटी-मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस संशोधित समय पर चलेगी

**मालीगांव :** ट्रेन संख्या 15648 (गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस) एक्सप्रेस को 04 मार्च, 2025 से संशोधित समय पर चलाने का निर्णय लिया गया है। गतिशीलता और यात्री सुविधा में बढ़ोतरी के लिए अद्यतन समय को निर्दिष्ट ठहरावों पर स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। तद्नुसार, ट्रेन संख्या 15648 (गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस) एक्सप्रेस साहिबगंज स्टेशन 06:46 बजे पहुंचेगी और 06:51 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन कहलगांव 07:28 बजे पहुंचेगी और 07:30 बजे रवाना होगी। इसी तरह, ट्रेन भागलपुर स्टेशन 08:30 बजे पहुंचेगी और 08:40 बजे रवाना होगी; सुल्तानगंज स्टेशन 09:03 बजे पहुंचेगी और 09:05 बजे रवाना होगी; बरियारपुर 09:24 बजे पहुंचेगी और 09:26 बजे रवाना होगी; जमालपुर जंक्शन 09:41 बजे पहुंचेगी और 09:51 बजे प्रस्थान करेगी; अभयपुर 10:10 बजे पहुंचेगी और 10:13 बजे प्रस्थान करने के बाद अपने अंतिम गंतव्य लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) पहुंचेगी। यह उम्मीद की जाती है कि नई समय-सारणी से बेहतर ट्रेन परिचालन में मदद मिलेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी अपनी यात्रा शुरू करने से पहले नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) पर वास्तविक समय के आधार पर ट्रेन की स्थिति और समय-सारिणी की जांच कर ले।

## महिलाओं के लिए 2,500 रु मासिक योजना के वास्ते आठ मार्च से पंजीकरण

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह प्रदान करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आठ मार्च से शुरू करेगी। पार्टी सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि दिल्ली में सत्ता में आने पर वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2,500 रुपये प्रति माह उपलब्ध कराएगी। तिवारी ने एक कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम दिल्ली में गरीब महिलाओं को 2,500 रुपये देने की अपनी घोषणा के क्रियान्वयन के लिए पंजीकरण आठ मार्च से शुरू कर रहे हैं।'' लाभार्थियों की सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर हर महिला को 2,500 रुपये देने संबंधी प्रक्रिया डेढ़ महीने में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने महिलाओं से योजना के लिए पंजीकरण कराने की अपील की। विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री के वादे के अनुसार अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी नहीं देने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया है कि 'आप' सरकार नयी भाजपा सरकार के लिए खाली खजाना छोड़ गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी द्वारा लोगों से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। 'आप' की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने एक बयान में भाजपा को सत्ता में आने से पहले जनता से किए गए वादों की याद दिलाई। उन्होंने कहा, ''चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था कि दिल्ली की हर महिला के खाते में आठ मार्च तक 2,500 रुपये आएंगे। भाजपा ने यह भी आश्वासन दिया था कि एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में उपलब्ध कराए जाएंगे और होली और दिवाली पर हर घर को मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा।

## आगामी उद्देश्यों को लेकर केरल कांग्रेस के नेता एकजुट हैं: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि केरल में पार्टी के नेता आगामी उद्देश्यों के मद्देनजर एकजुट हैं। गांधी का यह बयान शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा केरल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले रणनीति को लेकर चर्चा के लिए 'इंदिरा भवन' में दक्षिणी राज्य के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद आया है। बैठक के बाद केरल के नेताओं द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए गांधी ने फेसबुक पर लिखा, वे एक साथ खड़े हैं, आगे के उद्देश्यों के मद्देनजर एकजुट हैं। उनकी पोस्ट के साथ हैशटैग टीम केरल भी था। यहां कांग्रेस के मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में लगभग तीन घंटे तक चली बैठक का मुख्य विषय अनुशासन, एकता और राज्य



संगठन को मजबूत करना था। पार्टी सांसद शशि थरूर की हाल की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने केरल के अपने नेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि पार्टी के हितों के खिलाफ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बैठक में गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए और ऐसा कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए जो पार्टी लाइन के अनुरूप न हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुशासन, एकता सुनिश्चित करने और पार्टी की केरल इकाई को मजबूत करने के लिए रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया था। खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव और वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सुधाकरन, लोकसभा सदस्य शशि थरूर और प्रदेश के कई अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल थे। दासमुंशी ने कहा, ''हमें अपने आलाकमान से स्पष्ट संकेत मिला है कि कांग्रेस भावनात्मक और राजनीतिक रूप से केरल के लोगों से बहुत जुड़ी हुई है। लोग बदलाव चाहते हैं, इसलिए हमें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे केरल के लोगों का अनादर हो।'' उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह स्पष्ट संकेत है और यदि कोई व्यक्तिगत रूप से कुछ भी (कहता) है तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। क्योंकि हमें केरल के लोगों का अनादर करने का कोई अधिकार नहीं है।'' केरल के वरिष्ठ नेताओं के साथ यह बैठक ऐसे समय में हुई जब हाल में एक अखबार में थरूर के लेख को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस लेख में थरूर ने केरल में निवेश के माहौल को बढ़ावा देने के लिए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की ''प्रशंसा'' की है। इसको लेकर वह केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कुछ नेताओं के निशाने पर हैं।

## सूटकेस में मिला कांग्रेस कार्यकर्ता का शव: हरियाणा पुलिस ने हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित की

**नयी दिल्ली :** हरियाणा पुलिस ने विशेष जांच दल का गठन किया है ताकि उस घटना की जांच की जा सके, जहां कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ता हिमानी नरवाल का शव रोहतक के संपला बस स्टैंड के पास एक सूटकेस में मिला था. संपला डीएसपी रजनीश कुमार ने कहा, डखढ का गठन किया गया है. उसका फोन बरामद कर लिया गया है. हम साइबर और फॉरेंसिक साइंस लैब (ऋड्ङ) की मदद ले रहे हैं. हम सभी कोणों से जांच कर रहे हैं.पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतका का फोन बरामद कर लिया गया है और पुलिस साइबर तथा फॉरेंसिक टीमों की सहायता से मामले की जांच कर रही है. संपला डीएसपी ने कहा कि मृतका हरियाणा में अकेले रहती थी, जबकि उसका परिवार दिल्ली में रहता था.जैसे ही हमें सूचना मिली,



पुलिस मौके पर पहुंची. शव बैग के अंदर मिला. बाद में उसकी पहचान हिमानी नरवाल के रूप में हुई हमने उसके परिवार को बुलाया और उन्होंने शव की पहचान की। हम विभिन्न कोणों से जांच कर रहे हैं. हम जल्द ही इस मामले को सुलझा लेंगे, डीएसपी रजनीश कुमार ने कहा. उन्होंने आगे बताया, डखढ गठित की गई है उसका फोन बरामद कर लिया गया है हम साइबर और ऋड्ङ की मदद ले रहे हैं. हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं. हम पारिवारिक पृष्ठभूमि की भी जांच कर रहे हैं परिवार ने किसी पर संदेह व्यक्त नहीं किया है उसकी मां और भाई दिल्ली में रहते हैं. वह (मृतका) यहां अकेली रहती थी और एलएलबी कर रही थी. इस बीच, हिमानी नरवाल की मां ने आरोप लगाया है कि चुनाव और पार्टी ने उनकी बेटी की जान ले ली. चुनाव और पार्टी ने मेरी बेटी की जान ले ली. इसी वजह से उसने कुछ दुश्मन बना लिए. ये (दोषी) पार्टी से भी हो सकते हैं, उसके दोस्त भी हो सकते हैं 28 फरवरी को वह घर पर थी, साविता ने कहा. मृतका की मां ने आगे कहा कि उनकी बेटी हिमानी का पार्टी में कद बढ़ रहा था. वह राहुल गांधी के साथ जा रही थी, वह हूडा परिवार के करीब थी, इसी वजह से कुछ लोगों को परेशानी हो रही थी, वे जलते थे.

# चक्रवर्ती की शानदार गेंदबाजी से भारत ने न्यूजीलैंड को हराया, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

**दुबई:** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के दमदार प्रदर्शन से भारत ने ग्रुप ए के अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराया। भारत का ग्रुप चरण में अजेय अभियान जारी रहा और टीम ने तीनों मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए इस चरण का अंत किया। भारत के लिए वरुण ने शानदार प्रदर्शन किया और 10 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट झटके। यह किसी भारतीय गेंदबाज का चैंपियंस ट्रॉफी के डेब्यू मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वरुण का चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला ही मैच था और वह चमक बिखेरने में सफल रहे।



### वरुण ने शमी को पीछे छोड़ा

वरुण ने इस मामले में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2005 में बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में ही 53 रन देकर पांच विकेट लिए थे। चैंपियंस ट्रॉफी के डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड के नाम है जिन्होंने 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 52 रन देकर छह विकेट लिए थे। वहीं, इस टूर्नामेंट में किसी भारतीय गेंदबाज का यह दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज का रिकॉर्ड रवींद्र जडेजा के नाम है जिन्होंने 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर पांच विकेट लिए थे।

### सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना

भारत का सामना अब सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से चार मार्च को दुबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, एक अन्य सेमीफाइनल में पांच मार्च को न्यूजीलैंड की भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका से लाहौर में होगी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 249 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए केन विलियमसन ने 81 रन बनाए, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड एक समय अच्छी स्थिति में था, लेकिन वरुण ने दमदार प्रदर्शन कर भारत के पक्ष में रुख पलट दिया। भारत की ओर से वरुण के अलावा कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

### स्पिनरों ने झटके कुल नौ विकेट

दिलचस्प बात यह है कि भारत इस मुकाबले में चार स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। भारतीय टीम को चार स्पिनर उतारने का फायदा मिला क्योंकि न्यूजीलैंड के नौ विकेट स्पिनरों ने ही झटके। भारत की ओर से मोहम्मद शमी एकमात्र गेंदबाज रहे जो खाली हाथ रहे। उन्होंने हालांकि, इस मैच में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की। चैंपियंस ट्रॉफी में यह पहला अवसर है जब स्पिनरों ने किसी मैच में नौ विकेट लिए हैं। भारत ने इस मामले में पाकिस्तान को पीछे छोड़ा जिनके स्पिनरों ने 2017 में केन्या के खिलाफ आठ विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड की ओर से विलियमसन के अलावा कोई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। कीवी टीम के लिए कप्तान मिचेल सैंटनर ने 28 रन, टॉम लाथम ने 14, डेरिल मिचेल ने 17, विल यंग ने 22, रचिन रवींद्र ने 6, ग्लेन फिलिप्स ने 12 और मैट हेनरी ने दो रन बनाए। काइल जैमिसन नौ रन बनाकर नाबाद लौटे।

## सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का ध्यान स्पिनरों पर

**दुबई:** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार दोपहर आईसीसी अकादमी में तीन घंटे का गहन अभ्यास सत्र आयोजित किया जिसमें उनका पूरा ध्यान स्पिन के खिलाफ अभ्यास पर लगा था। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने जहां हल्का अभ्यास किया, वहीं युवा खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आईसीसी अकादमी के सात नेट गेंदबाजों को चुना जिसमें सभी स्पिनर थे। इनमें बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज हर्षित सेठ के अलावा दो बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज, इतने ही ऑफ स्पिनर और एक लेग स्पिनर शामिल था। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा और दोनों टीमें यूएई में मौजूद हैं क्योंकि अभी उन्हें नहीं पता कि सेमीफाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कौन होगा। ऑस्ट्रेलिया अपने अंतिम चार मुकाबले में ग्रुप ए की तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीमों भारत या न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। भारत के साथ पहला सेमीफाइनल मंगलवार को दुबई में और दूसरा बुधवार को लाहौर में खेला जाएगा। रविवार को ट्रेनंग के बाद स्पिनर हर्षित सेठ ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने नेट गेंदबाजों से एक निश्चित लेंथ पर गेंदबाजी करने को कहा था जिससे उन्हें ड्राइव और फ्लिक करने का मौका मिले।

## पाक दिग्गजों ने कहा: भारत द्विपक्षीय श्रृंखला खेलें, अन्य बोर्ड खिलाड़ियों को आईपीएल में नहीं भेजें

**कराची:** चैंपियंस ट्रॉफी से राष्ट्रीय टीम के जल्दी बाहर होने के बाद पाकिस्तान के पूर्व सितारों की प्रतिक्रिया हास्यास्पद से लेकर निराशाजनक रही हैं जिसमें जहां सकलेन मुश्ताक ने भारत के साथ सभी प्रारूपों में द्विपक्षीय श्रृंखला में खेलने की चुनौती देने की बात कही तो वहीं इंजमाम उल हक द्वारा क्रिकेट बोर्ड से अपने खिलाड़ियों को आईपीएल में नहीं भेजने की अपील तक की गई है। चैंपियन ऑफ स्पिनर और पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच रह चुके सकलेन ने एक टीवी चैनल पर कहा कि भारत के पास बहुत अच्छी टीम है, लेकिन पाकिस्तान की हार का कारण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की अनुपस्थिति है। उन्होंने कहा,'अगर भारत यह साबित करना चाहता है कि वह पाकिस्तान की टीम से बेहतर है, तो मेरा सुझाव है कि वे घरेलू और विदेशी आधार पर कम से कम 10 टेस्ट, वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलें। हम एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हुए दोनों टीमों की असली ताकत जान पाएंगे।'

## विदर्भ ने तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीता, फाइनल में केरल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराया



**नागपुर:** इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली विदर्भ की टीम ने रविवार को अपने घरेलू मैदान पर खेले गए फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन केरल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया। हालांकि इस मुकाबले का नतीजा तीसरे दिन ही तय हो गया था जब विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाने के बाद केरल को 342 रन पर समेटकर पहली पारी में 37 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। पहली बार फाइनल में पहुंची केरल की टीम ने भी कड़ी टक्कर दी, लेकिन विदर्भ को पूरे सत्र में अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन का फल मिला। इस दौरान उन्होंने सिर्फ रणजी ट्रॉफी ही नहीं जीती बल्कि टीम 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी में उपविजेता भी रही। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सत्र में लगातार दो खिताब जीते थे। विदर्भ की यह जीत अब उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे मजबूत टीमों में से एक बनाती है क्योंकि वह पिछले रणजी सत्र में उपविजेता रही थी। अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए। वहीं केरल को किस्मत का साथ मिला जिसने नॉकआउट में जम्मू और कश्मीर (क्वार्टर फाइनल) और गुजरात (सेमीफाइनल) को मामूली अंतर से हराकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल तक का सफर तय किया। लेकिन विदर्भ ने जीत के जरिए फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ ने क्वार्टरफाइनल में पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंची तमिलनाडु को 198 रन से रौंदा और सेमीफाइनल में गत चैंपियन मुंबई को 80 रन से पराजित किया।

## वेस्टइंडीज को सुधार के लिए अफगानिस्तान से सीख लेनी चाहिये: रिचर्ड्स


**मुंबई:** चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज की अनुपस्थिति से 'निराश' और 'आहत पूर्व महान खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स चाहते हैं कि कैरेबियाई टीम खुद को विश्व क्रिकेट में एक ताकत के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए अफगानिस्तान से सीख ले। वेस्टइंडीज और श्रीलंका दो ऐसी टीमें है जो विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है लेकिन पाकिस्तान और दुबई में खेले जा रहे आठ-टीमों की प्रतियोगिता में के मौजूदा सत्र के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं। 'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग' के संचालन समिति के सदस्य रिचर्ड्स ने रविवार को मीडिया से कहा, 'मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि मेरी वेस्टइंडीज टीम इन लोगों (अफगानिस्तान) की किताब से सीख ले सकती है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने खेल में जुनून और ऊर्जाभर दी है।' उन्होंने इस ऑनलाइन बातचीत में कहा, 'वे (अफगानिस्तान) क्रिकेट की दुनिया में



इतने लंबे समय से नहीं हैं जितना शायद कुछ अन्य टीमें है लेकिन उनमें संघर्ष करने का जज्बा कमाल का है।' उन्होंने कहा, 'जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को देखते हैं और वेस्टइंडीज को नहीं, तो इसका मतलब है कि अफगानिस्तान कुछ सही कर रहा है।' रिचर्ड्स ने कहा कि वेस्टइंडीज को सुधार के लिए सिर्फ खिलाड़ियों ही नहीं, बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों के प्रयासों की जरूरत होगी। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी से चूकने के अलावा वेस्टइंडीज ने भारत में 2023 वनडे विश्व कप में भी हिस्सा नहीं बन पाया था।

## गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे यूपी वारियर्स

**लखनऊ:** यूपी वारियर्स महिला प्रीमियर लीग के अहम रिटर्न मुकाबले में सोमवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य पिछली हार का बदला चुकता करके जीत की राह पर वापसी का होगा। दोनों के बीच पहला मैच वडोदरा में 16 फरवरी को हुआ था जिसमें गुजरात जाइंट्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी इसके बाद गुजरात को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार दो मैचों में हराया। बेंगलुरू में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हराकर गुजरात ने प्लेआफ की उम्मीदें फिर जीवित की। अब यूपी वारियर्स, आरसीबी और गुजरात जाइंट्स के चार चार अंक हैं और वे तीसरे से पांचवें स्थान पर हैं। यूपी और गुजरात ने आरसीबी से एक मैच कम खेला है और यह मैच दोनों टीमों के लिये काफी महत्वपूर्ण है। गुजरात के बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। डायलान



हेमलता और हरलीन देयोल खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। कप्तान एशले गार्डनर ने आरसीबी के खिलाफ 31 गेंद में 58 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। गार्डनर इस सत्र में तीन अर्धशतक लगा चुकी हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है। आरसीबी के खिलाफ मैच के बाद गार्डनर ने कहा था,' हमने अलग अलग हालात में खेला है और अब हम लखनऊ जा रहे हैं। उम्मीद है कि पावरप्ले में प्रदर्शन बेहतर होगा। हमारे पास विकेट सुरक्षित हों तो हम अच्छा स्कोर बना सकते हैं।' यूपी वारियर्स की चिंता का सबब उसकी बल्लेबाजी है जिसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करके अहम भूमिका निभाई है। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके गेंदबाज 142 रन का बचाव नहीं कर सके। दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत में चिनेले हेनरी और क्रांति गौड ने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि आरसीबी पर सुपर ओवर में मिली जीत में सोफी एक्सेलेटन ने कमाल किया।



# भारतीयों को 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए: कांत

**नयी दिल्ली:** नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारतीयों को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। काम के घंटों पर चल रही बहस में शामिल होते हुए भारत के जी-20 शेरपा ने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और चीन ने मजबूत कार्य नीति के जरिए आर्थिक सफलता हासिल की है। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को विश्व स्तरीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इसी तरह की मानसिकता विकसित करनी चाहिए। कांत ने बिजनेस स्टैंडर्ड के 'मंथन शिखर सम्मेलन' में कहा, ''मैं कड़ी मेहनत में दृढ़ता से विश्वास करता हूं। भारतीयों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए, चाहे वह सप्ताह में 80 घंटे हों या 90 घंटे। अगर आपकी महत्वाकांक्षा



4,000 अरब डॉलर से 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की है, तो आप इसे मनोरंजन या कुछ फिल्मी सितारों के विचारों का अनुसरण करके नहीं हासिल कर सकते।'' इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 4,000 अरब डॉलर का है। उन्होंने कहा, ''कड़ी मेहनत न करने की बात करना फैशन बन गया है। भारत को समय से पहले, विश्व स्तरीय उत्कृष्टता के साथ परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।'' कांत ने कहा कि अनुशासित कार्य योजना के भीतर व्यक्तिगत भलाई के लिए पर्याप्त समय है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को समय और लागत में वृद्धि के बिना विश्व स्तरीय उत्कृष्टता के साथ परियोजनाओं को पूरा करने की कला सीखनी चाहिए।

## व्यापार वार्ता के लिए गोयल की अमेरिका यात्रा आज से शुरू होगी

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की वाशिंगटन यात्रा सोमवार से शुरू होगी। एक अधिकारी ने कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं, और गोयल की यात्रा इसी सिलसिले में होगी। अधिकारी ने कहा कि यह यात्रा तीन मार्च से शुरू होगी और मंत्री शुक्रवार तक अमेरिका में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की वाशिंगटन यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका ने 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना से अधिक कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की बात कही थी। इसके साथ ही दोनों देशों ने बहुक्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त पर बातचीत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी जताई थी।

## भारत के शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप, सरकार अमेरिका को दे जानकारी : जीटीआरआई

**नयी दिल्ली:** आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि भारत के आयात शुल्क वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हैं और सरकार को अमेरिकी प्रशासन को इसकी जानकारी देनी चाहिए। जीटीआरआई ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ एक



व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत काफी चुनौतीपूर्ण है। जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका, भारत पर अमेरिकी कंपनियों के लिए सरकारी खरीद खोलने, कृषि सब्सिडी कम करने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और डेटा प्रवाह से अंकुश हटाने का दबाव डाल सकता है। शोध संस्थान ने कहा कि भारत ने दशकों से इन मांगों का विरोध किया है और अब भी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर आरोप लगाया है कि भारत में शुल्क काफी ऊंचा है। ट्रंप भारत को 'टैरिफ किंग' और 'टैरिफ एब्यूजर' कह चुके हैं। शुल्क सरकार द्वारा लगाया आयात शुल्क है, जिसे सरकार जुटाती है। कंपनियां विदेशी सामान देश में लाने के लिए इसका भुगतान करती हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा,'भारत के शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अनुरूप हैं। ये डब्ल्यूटीओ में जताई गई एकल प्रतिबद्धता का परिणाम हैं जिसे 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूरी दी थी। भारतीय शुल्क डब्ल्यूटीओ के अनुरूप हैं। भारतीय पक्ष को अमेरिका को यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है।'

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.09 लाख करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली:** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,09,244.57 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,112.96 अंक या 2.80 प्रतिशत टूटा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 671.2 अंक या 2.94 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सिर्फ फरवरी महीने में निफ्टी 1,383.7 अंक या 5.88 प्रतिशत गिरा है। वहीं इस दौरान सेंसेक्स 4,302.47 अंक या 5.55 प्रतिशत टूटा है। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 1,09,211.97 करोड़ रुपये घटकर 12,60,505.51 करोड़ रुपये रह गया। इससे शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस दूसरे से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई है। एचडीएफसी बैंक सूची में दूसरे स्थान पर है। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 52,697.93 करोड़ रुपये घटकर 7,01,002.22 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 39,230.1 करोड़ रुपये घटकर 8,94,993.67 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 38,025.97 करोड़ रुपये घटकर 16,23,343.45 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 29,718.99 करोड़ रुपये घटकर 6,14,236.97 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का



बाजार पूंजीकरण 20,775.78 करोड़ रुपये घटकर 8,49,803.90 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 11,700.97 करोड़ रुपये घटकर 5,14,983.41 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी का मूल्यांकन 7,882.86 करोड़ रुपये घटकर 4,93,867.57 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 30,258.49 करोड़ रुपये बढ़कर 13,24,411.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 9,050.24 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,29,516.99 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## अमित शाह आज डेयरी स्थिरता कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को डेयरी क्षेत्र में स्थिरता और पुनर्चक्रण पर एक कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कई राज्यों में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस अवसर पर अधिकारी पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार डेयरी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी करेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और नाबार्ड बड़े पैमाने पर बायोगैस परियोजनाओं और 'सस्टेन प्लस परियोजना' के तहत नई वित्तपोषण पहल की घोषणा भी करेंगे। कार्यशाला में टिकाऊ खाद प्रबंधन मॉडल पर तकनीकी सत्र होंगे, जिनसे डेयरी अपशिष्ट को बायोगैस, संपीडित बायोगैस (सीबीजी) और जैविक उर्वरकों में बदलने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## उप्र में आलू प्रसंस्करण संयंत्र पर 750 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी वेव, बेल्जियम की एग्रिस्टो

**नयी दिल्ली:** प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती वैश्विक मांग के बीच वेव ग्रुप और बेल्जियम की एग्रिस्टो एनवी ने प्रीमियम 'फ्रेंच फ्राइज' बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में अपने आलू प्रसंस्करण संयंत्र का विस्तार करने का फैसला किया है। इस विस्तार पर दोनों कंपनियां लगभग 750 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। वेव ग्रुप की कंपनी मासा ग्लोबल फूड प्राइवेट लिमिटेड और बेल्जियम की एग्रिस्टो की अनुषंगी कंपनी आईएमएसटीओ एनवी ने 2019 में डिहाइड्रेटेड पोटैटो फ्लेक बनाने के लिए बिजनौर में आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए 50:50 वाली संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया था। संयुक्त उद्यम कंपनी का नाम एग्रिस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड है। संयंत्र का परिचालन 2022 में 7,500 टन की वार्षिक क्षमता के साथ शुरू हुआ था। वेव ग्रुप के चेयरमैन मनप्रीत सिंह चड्ढा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल की पैदावार और प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। चड्ढा ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम बिजनौर में निर्यात गुणवत्ता वाले 'फ्रेंच फ्राइज' के लिए एक नई उत्पादन लाइन स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विस्तार पर कुल निवेश करीब 750 करोड़ रुपये होगा, जिसका वित्तपोषण इक्विटी और ऋण के माध्यम से किया जाएगा। संयुक्त उद्यम ने मौजूदा संयंत्र की स्थापना पर करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे कुल निवेश प्रतिबद्धता 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। चड्ढा ने कहा कि 80,000 टन सालाना क्षमता वाली नई उत्पादन लाइन अगले दो वर्षों में चालू हो जाएगी और घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी।

## हिंदुस्तान जिंक पांच साल में धातु उत्पादन को दोगुना करने की राह पर: चेयरपर्सन

**नयी दिल्ली:** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में अपने धातु उत्पादन को दोगुना करके सालाना 20 लाख टन करना है। कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने यह बात कही। उन्होंने शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा,'भारत की इस्पात क्षमता में विस्तार और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक ध्यान के साथ, हिंदुस्तान जिंक 2030 तक अपने उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन सालाना करने की राह पर है। हमारा जिंक, इस्पात गैल्वनाइजेशन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' कंपनी की जिंक उत्पादन क्षमता इस समय सालाना 11 लाख टन है। हेब्बार ने कहा कि कंपनी महत्वपूर्ण खनिजों में भी विस्तार कर रही है और उसे देश में कई ब्लॉकों के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है। हिंदुस्तान जिंक की रोस्टर और उर्वरक संयंत्र परियोजनाएं भी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'चाहे हमारे 'टेली-रिमोट' संचालन हों, जो हमें सतह से भूमिगत खदानों को संचालित करने की क्षमता देते हैं या धातु उत्पादन में उन्नत रोबोटिक्स का इस्तेमाल हो, हम अपने संचालन में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4165 अंक 315, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in